वर्ष- 21 अंक - 287 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
इंदौर, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

# ईरान के सबसे बड़े पुल पर हुए हमले में 8 की मौत, 95 घायल

## ट्रंप ने कहा- अब भी टाइम है समझौता कर लो, वरना...



शुक्रवार ● एजेंसी

ईरान के करज में निर्माणाधीन बी1 ब्रिज पर हवाई हमले में भारी नुकसान हुआ। हमले के बाद इलाके में बिजली भी ठप हो गई। इस हमले में 8 लोगों की मौत हो गई। जबकि करीब 95 लोग घायल हो गए। यह पुल राजधानी तेहरान को पश्चिमी शहर करज से जोड़ने वाला अहम हाईवे ब्रिज था, जो लगभग बनकर तैयार हो चुका था। इस प्रोजेक्ट पर करीब 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी 37 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए गए थे। करीब 1050 मीटर लंबे इस पुल को मिडिल ईस्ट के सबसे बड़े पुलों में गिना जा रहा था। इस पुल को तबाह करने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को धमकी दी कि अब भी टाइम है समझौता कर लो वरना और तबाही होगी।



# होर्मुज खुलने नहीं देंगे...

## रूस-चीन ने यूएन में वीटो ठोककर बिगाड़ा खेल

शुक्रवार ● एजेंसी

होर्मुज में सैन्य कार्रवाई की मांग को लेकर अरब देश संयुक्त राष्ट्र (यूएन) पहुंचे, लेकिन इस प्रस्ताव पर रूस-चीन और फ्रांस ने वीटो लगा दिया। इस प्रस्ताव में होर्मुज स्ट्रेट को खोलने के लिए सैन्य कार्रवाई की अनुमति देने की मांग की गई थी। इन देशों के वीटो की वजह से बहरीन और अन्य खाड़ी देशों द्वारा समर्थित इस प्रस्ताव को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इस प्रस्ताव पर आज वोटिंग होने की संभावना है।

## अमेरिका से नाराज सऊदी अरब ने की रूस से बात

**शुक्रवार.एजेंसी।** सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बातचीत की। ट्रंप ने हाल ही में एक सार्वजनिक मंच से क्राउन प्रिंस को लेकर बेहद विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने यह संकेत दिया कि सऊदी नेतृत्व अब उनके दबाव में है और उन्हें 'अच्छा व्यवहार' करना होगा। ट्रंप के इसी बयान से सऊदी अरब नाराज है।



## टीना अंबानी की बड़ी बहन का निधन

**मुंबई.एजेंसी।** बिजनेसमैन अनिल अंबानी की पत्नी पूर्व एक्ट्रेस टीना अंबानी की बड़ी बहन जर्ना का निधन हो गया। टीना ने सोशल मीडिया पर अपनी बड़ी बहन को याद करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआ की। वो पोस्ट में लिखती हैं- मेरी सबसे बड़ी बहन जर्ना, जो कि मेरी दूसरी मां थी, उन्होंने बड़े प्यार से मेरा कन्यादान किया था।

## विदेश में पांच साल में 37,740 भारतीय मजदूरों की मौत

**नईदिल्ली.एजेंसी।** विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह की ओर से राज्यसभा में दी गई जानकारी के मुताबिक, विदेश में 2021 से 2025 के बीच कुल 37,740 भारतीय कामगारों की जान गई। इनमें 86 फीसदी से अधिक मौतें खाड़ी देशों में हुईं हैं।

## कनाडा से उज्जैन पहुंचा गुरकीरत सिंह का शव

**उज्जैन.एजेंसी।** मध्य प्रदेश के उज्जैन के छात्र गुरकीरत सिंह मनोचा की 14 मार्च को कनाडा में हुई हत्या के 21 दिन बाद उनका पार्थिव शरीर आज सुबह उज्जैन पहुंच गया। उनके अंतिम दर्शन के लिए पूरा शहर उमड़ पड़ा है। सांसद अनिल फिरोजिया के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मनोचा के घर पहुंचे। उन्होंने श्रद्धांजलि दी और परिवार के ढांढस बंधाया।

## भारत ने कर दिया ब्रह्मोस वाला खेल आ रहा समंदर का नया सिकंदर

**विशाखापत्तनम.एजेंसी।** ईरान जंग के बीच समंदर में भारत की ताकत बढ़ने जा रही है। भारत का नया सिकंदर अब कमाल करने को तैयार है। भारतीय नौसेना को एक और नवीनतम स्टील्थ युद्धपोत 'तारागिरी' मिलने जा रहा है। तारागिरी युद्धपोत को आज यानी 3 अप्रैल को विशाखापत्तनम में कमीशन किया जाएगा। खुद राजनाथ सिंह इस नई ताकत से पूरी दुनिया को परिचय करवाएंगे।

## जंग के बीच अमेरिका ने अपने सेना प्रमुख को हटाया

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** ईरान के साथ बढ़ते सैन्य तनाव के बीच अमेरिकी सेना प्रमुख जनरल रैंडी जॉर्ज को अचानक पद छोड़ने का निर्देश दिया गया है। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने जनरल जॉर्ज को पद छोड़ने और तत्काल रिटायर होने के लिए कहा है। बताया जाता है कि राष्ट्रपति ट्रंप अपने सेना प्रमुख के काम से खुश नहीं थे। वे अपनी पसंद के किसी व्यक्ति को सेना प्रमुख बनाना चाहते हैं।

## फिर टैरिफ पर लौटे ट्रंप

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी ट्रेड पॉलिसी में बदलाव करते हुए दो बड़े फैसले लिए हैं। पहला, अगर कंपनियां दवाओं की कीमत कम नहीं करती हैं और उत्पादन अमेरिका में शिफ्ट नहीं करतीं हैं तो विदेशी ब्रांडेड दवाओं पर 100 प्रश तक टैरिफ लगाया जा सकता है। दूसरा, स्टील और एल्युमिनियम जैसे मेटल उत्पादों के टैक्स नियमों में बदलाव किया गया है।

## होर्मुज में सिर्फ भारत ने ही खोए अपने मरीन

**नई दिल्ली.एजेंसी।** भारत ने हॉर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने की मांग की है, जो मध्य पूर्व में युद्ध के शुरू होने के बाद से ईरान के नियंत्रण में है। भारत ने यह भी कहा कि यह क्षेत्रीय जलमार्ग सबसे महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां पर भारतीय मरीन की जान गई है। इसके अलावा भारत एक मात्र ऐसा देश है, जिसके नाविकों की जान यहां पर गई है।

## पाकिस्तान में पेट्रोल 458, डीजल 520 हुआ

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल की कीमत में 136 पाकिस्तानी रुपए प्रति लीटर की भारी बढ़ोतरी की है। इसके बाद इसकी कीमत 458 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गई है। वहीं डीजल की कीमत 520 रुपए प्रति लीटर तक जाने की आशंका जताई जा रही है। यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब पहले से ही देश की अर्थव्यवस्था कमजोर स्थिति में है और आम लोगों की क्रय शक्ति लगातार घट रही है।

## पाक को एक और झटका

**श्रीनगर.एजेंसी।** सिंधु जल संधि को ठंडे बस्ते में डालने के बाद भारत ने पाकिस्तान को एक और बड़ा झटका दिया है। जम्मू-कश्मीर में झेलम नदी पर स्थित मोहरा पॉवर प्रोजेक्ट को फिर से जीवित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। उमर अब्दुल्ला सरकार के इस फैसले से पाकिस्तान की चिंता बढ़नी तय है।

## चुनाव अधिकारियों को बंधक बनाने वाले 18 गिरफ्तार

**मालदा.एजेंसी।** मतदाता सूची के पुनरीक्षण का विरोध कर रहे लोगों ने पश्चिम बंगाल के मालदा में चुनाव अधिकारियों को बंधक बना लिया था और 100 से ज्यादा गाड़ियां फोड़ दी थी। इस मामले में पुलिस ने 18 लोगों को गिरफ्तार किया है और अभी भी फरार लोगों की तलाश के लिए छापेमारी जारी है। इस मामले के मास्टर माइंड को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह मास्टर माइंड बंगाल से भागने की फिराक में थे इससे पहले ही उसे बागडोगरा एयरपोर्ट से पुलिस ने धरदबोचा।

## तेज आंधी से धूल-धूल हुई दिल्ली

**नई दिल्ली.एजेंसी।** वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से एक बार फिर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आस-पास के इलाकों के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। दिल्ली-एनसीआर में आज सुबह से धूल भरी आंधी और तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, 3 और 4 अप्रैल को हल्की बारिश की संभावना है। दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद समेत एनसीआर के इलाकों में सुबह-सुबह धूल भरी आंधी और तेज हवाएं चल रही हैं, जिससे विजिबिलिटी भी कम हो गई।



## गिरफ्तार लश्कर हैंडलर साबिर ने तैयार कर लिए थे आठ-दस स्लीपर सेल

**आतंकी वारदात करवाने के लिए आया था भारत**

**नई दिल्ली.एजेंसी।** दिल्ली के गाजीपुर से पकड़े गए लश्कर हैंडलर साबिर अहमद लोन उर्फ राजा उर्फ आदिल डॉक्टर ने दिल्ली, गुरुग्राम और जम्मू कश्मीर में 8 से 10 स्लीपर सेल/लड़ाके तैयार कर लिए थे। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जब देशविरोधी और पाकिस्तान समर्थित नारे लिखने के बाद आतंकी संगठन और पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई को लगता था कि लोन भारत में कुछ भी करवा सकता है तो इसे भारत में आतंकी वारदातों के टारगेट देने लग गए थे। ऐसे में इन स्लीपर सेल से संपर्क करने ये दिल्ली आया था।


श्री आनन्दजी गोधा
को श्री दिगम्बर जैन समाज
(सामाजिक संसद अध्यक्ष), इन्दौर
गुड्डा यादव
श्री नवीनजी गोधा
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएँ
मदन मोहन प्रजापत
शेखर जैन
बधाईकर्ता- शेखर जैन, चिन्टू बाबा, सागर प्रजापत मित्र मण्डल



## पार्षद ने कराया प्राण प्रतिष्ठा पर अनुष्ठान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भवानी नगर स्थित हनुमान मंदिर में पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा एवं जीर्णोद्धार महोत्सव के अंतर्गत वैदिक अनुष्ठान मंडप पूजन, वेदी पूजन, जलाधिवास, फलाधिवास, और धृताधिवास जैसे विभिन्न अधिवास अनुष्ठान आयोजित किए गए। कल हनुमान जयंती पर नव श्रृंगारित मंदिर परिसर में राम भक्त हनुमान विराजे। भक्तों ने राम नाम जाप, हनुमान चालीसा का पाठ किया। पार्षद सोनाली-विजय परमार ने उक्त जानकारी दी।



## सपा नेता अग्रवाल ने किया केंद्र का शिलान्यास

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

समाजवादी नेता रामबाबू अग्रवाल सहित समाजवादी पार्टी के अनेक पदाधिकारियों ने झारखंड के जमशेदपुर जिले के माटीहाना ग्राम पंचायत के तहत ग्राम मोजा में डॉ. लोहिया कौशल केंद्र का शिलान्यास किया। झारखंड के कई नेता मौजूद थे।



## विजयवर्गीय रहे आरती में मौजूद

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

पितृ पर्वत स्थित पितृरेश्वर हनुमान धाम में हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। फूलबंगला सजाया, छप्पन भोग लगाए, महाआरती की गई। वेदमंत्रों के साथ षोडशोपचार पूजन करके मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अभिषेक किया। श्रृंगार दर्शन कर आरती भी की। प्रसादी का वितरण भी चलता रहा, आतिशबाजी भी की गई।

# कांग्रेसियों से धन एकत्रित कर गांधी भवन का होगा विकास

### करीब 30 लाख रु. का खर्च, बागड़ी और अमन बजाज सबसे पहले आए आगे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

गांधी भवन में बैठकें भी होती है और कांग्रेसी भी यहां पहुंचते हैं, लेकिन हर माह होने वाले खर्च से लेकर गांधी भवन के विकास कार्य में होने वाले खर्च पर सभी कांग्रेसी चुप्पी साध लेते हैं और जेब में हाथ नहीं डालते हैं। पूर्व में भी जब पंकज संघवी कांग्रेस में थे तब उन्होंने गांधी भवन की ऊपरी मंजिल का विकास करने की घोषणा की थी उस दौरान लम्बे समय तक कांग्रेस में रहे उसके बाद भाजपा में वे चले गए।

इधर पूर्व अध्यक्ष सुरजीतसिंह चड्ढा ने एक कक्ष अपने पैसे से सज्जित करवाया था और कुछ काम गांधी भवन में भी कराया था, जिस कक्ष को सुरजीत चड्ढा ने तैयार करवाया था उसी में शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे बैठ रहे है। अब शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे जहां संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने की जुगत कर रहे हैं वहीं अब गांधी भवन को भी सज्जित भी करवाना चाहते हैं और जहां टूट-फूट है उसे भी ठीक करवाना चाहते हैं और इसके लिए 30 लाख रु. के खर्च का बजट भी कांग्रेस ने बनाया है। इस मामले में चिंटू चौकसे ने अपने कांग्रेस मीडिया सोशल ग्रुप पर लिखा भी है कि सभी कांग्रेसी आर्थिक सहयोग करें, जिससे गांधी भवन को पूरी तरह सज्जित किया जा सके और इसकी शुरुआत भी हो चुकी है। कांग्रेस कार्यालय में जहां कलर शुरू हो चुका है वहीं आज से ठेकेदार बाहर गैलरी और बाथरूम में काम शुरू करने जा रहा है। इसके अलावा महत्वपूर्ण बात यह है कि दो कांग्रेस नेताओं ने बड़ी शुरूआत धन लगाकर करने की स्वीकृति दी है इसमें अरविंद बागड़ी ने इस गांधी भवन श्रृंगारित आयोजन में ढाई लाख देने की घोषणा की। वहीं कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष अमन बजाज ने भी सोशल मीडिया के कांग्रेस को मजबूत करने के लिए कम्प्यूटर रूम तैयार कराने की घोषणा की है, इसमें भी ढाई से तीन लाख रु. खर्च आएगा जिसे अमन बजाज वहन करेंगे।

### पटवारी, पटेल, गर्ग, हार्डिया से भी लिया जाएगा अर्थ संग्रह, काम शुरू

उल्लेखनीय है कि लम्बे समय से जर्जर गांधी भवन का काम नहीं हो रहा है। कांग्रेस कार्यालय अभी भी ट्रस्ट के अधीन है और कांग्रेस इसकी मालिक भी नहीं है। अब चौकसे की अपील पर कांग्रेसी कितना धन देते हैं, इधर भाजपा भी हर वर्ष करोड़ों रु. अर्थ संग्रह कर भोपाल भेजती है और वहां से 50 प्रतिशत राशि नगर और जिला भाजपा को अलग-अलग आती है। अब कांग्रेस भी इसी तर्ज पर गांधी भवन को सज्जित करने में लग गई है। इधर बागड़ी की घोषणा के बाद अब सामाजिक और राजनीतिक प्रतिस्पर्धी शैलेष गर्ग भी गांधी भवन के विकास में बड़ी घोषणा करेंगे, ऐसा कांग्रेसी बता रहे हैं। इधर चिंटू चौकसे अब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, सत्यनारायण पटेल, सज्जन वर्मा, जय हार्डिया से भी बड़ी धन राशि की घोषणा कराएंगे। चिंटू चौकसे अब आज से धन देने वाले कांग्रेसियों से चर्चा करेंगे और एक के बाद एक कइयों से धन लेकर 30 लाख रु. गांधी भवन पर खर्च करेंगे और श्रृंगारित के साथ अन्य व्यवस्थाएं भी कराएंगे। सभी दूर से धन संग्रह ठीक हुआ तो यह खर्च और बढ़ सकता है।



## पटवारी ने किया रात में विधानसभा सचिवालय खोले जाने का विरोध

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कल रात विधानसभा सचिवालय खोले जाने का विरोध जताते हुए कहा कि कांग्रेस विधायक राजेन्द्र भारती की सदस्यता खत्म करने के लिए यह सचिवालय खोला गया और जब पटवारी व शर्मा ने आपत्ति उठाई तो अधिकारी निरुत्तर हो गए। पटवारी ने कहा कि जब हमने आपत्ति उठाई तो सचिवालय के अधिकारी, कर्मचारी की आवाज बंद हो गई, हम सचिवालय के दुरुपयोग की निंदा करते हैं और कहा कांग्रेस राजनीतिक दुर्भावना की इस लड़ाई को पूरी ताकत से लड़ेगी।

## कांग्रेस के नए पदाधिकारियों को मिलेंगे प्रमाण पत्र

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि शहर कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मंडलम अध्यक्ष और वार्ड प्रभारी, वार्ड महिला प्रभारी को 5 अप्रैल की शाम 5 बजे मल्हार गार्डन पालदा में जिम्मेदारी के नियुक्ति प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। चौकसे ने बताया कि कार्यक्रम के अतिथि सज्जन सिंह वर्मा और राजेश चौकसे होंगे। मौजूद पदाधिकारी और कांग्रेस नेताओं के लिए भोजन की व्यवस्था दिनेश मल्हार और कमल नागर शहर उपाध्यक्ष करवा रहे हैं, वहीं ब्लाक और मंडलम के अध्यक्षों के अलावा जो पदाधिकारी बने हैं, उनके लिए गांधीभवन में आगामी दिनों नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम किया जाएगा।



## युवा मोर्चा की इकाई में इंदौरी भी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने प्रदेश संगठन की स्वीकृति लेकर कराई। उपाध्यक्ष पर इंदौर के विवेक शर्मा, मंत्री घनश्याम सिंह, सहकोषाध्यक्ष अंकित रावल एवं अमन यादव, युवा मोर्चा के सोशल मीडिया सहप्रभारी नयन दुबे, प्रशिक्षण प्रभारी भावेश दवे, नीति एवं शोध सहप्रभारी स्नीग्धा मौर्या, लीगल कनेक्ट प्रभारी आशीष हार्डिया को बनाया गया है।

## भाजपा ने मीडिया विभाग में इंदौर को दी तवज्जो

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मीडिया विभाग के प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने प्रदेश की अपनी नई टीम बनाई, जिसमें कई विधायकों को प्रदेश प्रवक्ता बनाया है। भोपाल के साथ इंदौर को भी इस विभाग में काफी तवज्जो दी गई है। प्रदेश के 33 भाजपा नेताओं को प्रदेश प्रवक्ता बनाया है। 6 नेताओं को सह मीडिया प्रभारी बनाया है और 41 नेताओं को मीडिया पैनलिस्ट बनाया। साथ में प्रदेश मीडिया विभाग का 6 भाजपा नेताओं को सदस्य भी बनाया है, जो इंदौर से सदस्य बने हैं, उनमें प्रदेश प्रवक्ता विधायक उषा ठाकुर, डॉ. दिव्या गुप्ता, वैभव शुक्ला, सचिन बघेल एवं सहमीडिया प्रभारी आलोक दुबे को बनाया गया। वहीं प्रदेश मीडिया पेनालिस्ट इंदौर से मनस्वी पाटीदार, जेपी मूलचंदानी, नितिन द्विवेदी, प्रेम व्यास, एडवोकेट आदित्य दीक्षित, सागर कसेरा, अविनाश पटवारी, विवेक सिन्हा, कमल वर्मा को जगह मिली है। इंदौर में सम्मान पूर्वक जगह मिलने पर जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, भाजपा नेता, कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

## बढ़े गैस के दाम और सिलेंडर की किल्लत पर कांग्रेस का दूसरे दिन भी प्रदर्शन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

जिला कांग्रेस ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के माध्यम से खुड़ेल तहसील कार्यालय पर बढ़े हुए गैस के दाम और चल रही गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर, किसानों को साथ लेकर किसान की गेहूं तुलाई की तारीख पर तारीख बढ़ाने, डीजल-पेट्रोल की आगामी समस्या को देखते हुए यह धरना, प्रदर्शन किया गया। राज्यपाल के नाम खुड़ैल तहसील पहुंचकर एसडीईएम को ज्ञापन दिया। डॉ. दौलत पटेल, भूपेंद्र गुर्जर, दिनेश पटेल,



सुभाष चौधरी, दिनेश मल्हार, मनीष पटेल, विनोद मोरे, मिथुन बेला, अनिल जिराती, अर्जुन पटेल, शेखर चौधरी, लीलाधर चौधरी, प्रदीप दरबार मौजूद थे।

# रानीपुरा के 40 मकानों को नोटिस देकर भूला निगम

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। नगर निगम द्वारा रानीपुरा क्षेत्र में 40 मकानों को खतरनाक स्थिति में होने का नोटिस दिया गया था। इसके बाद में नगर निगम ठंडा हो गया है और उनके द्वारा इस बात पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है कि इन सभी मकानों की मरम्मत का कार्य मकान मालिक के द्वारा व्यवस्थित तरीके से करवाया जा रहा है अथवा नहीं।**

पिछले दिनों जब रानीपुर में घटना हुई थी और लोगों की मौत हुई थी तो उस समय पर नगर निगम जाग गया था। निगम के द्वारा जो मकान गिरा था उस मकान के आसपास के खतरनाक स्थिति वाले सालों पुराने 40 मकान के नाम पर नोटिस जारी किया गया था। इस नोटिस में निगम के द्वारा मकानों के मालिकों से कहा गया था कि वह अपने मकान के खतरनाक हिस्से को तत्काल तोड़े। इसके साथ ही उन लोगों को अपने मकान की मरम्मत करने के लिए भी निगम के द्वारा कहा गया था।

**एक हादसा होता है तो नोटिस दे देते हैं और फिर हो जाते हैं ठंडे**

जब नोटिस जारी किए गए थे तब सभी की नजर रानीपुरा क्षेत्र पर लगी हुई थी। ऐसे में निगम की टीम के द्वारा जाकर भी वहां पर डेरा डाल दिया गया था। इस स्थिति का परिणाम यह निकला की जिन लोगों के नाम पर नोटिस जारी किए गए थे उन लोगों के द्वारा अपने मकान की मरम्मत के काम को शुरू करवा दिया गया था। जैसे ही कुछ मकानों में यह काम शुरू हुआ वैसे ही नगर निगम के द्वारा इस क्षेत्र पर से अपना फोकस हटा लिया गया।

इसके बाद फिर से इस क्षेत्र में हालात वह के वही बन गए हैं। निगम के द्वारा फोकस हटाए जाने के बाद जो लोग अपने मकान की मरम्मत करवा रहे थे उन्होंने भी काम बंद कर दिया है। नगर निगम को अब इस क्षेत्र में मौजूद खतरनाक मकान से कोई लेना-देना ही नहीं है। वह तो जब घटना हुई थी तब नगर निगम जाग गया था और फिर उसके बाद एक बार फिर निगम के अधिकारी लापरवाही में डूब कर सो गए हैं।

## डेढ़ सौ मकानों की स्थिति खराब

यदि पूरे शहर के स्तर पर देखा जाए तो 150 से ज्यादा मकान ऐसे हैं जिनकी की हालत बहुत ज्यादा खराब है। हर साल बारिश का मौसम आने के पहले नगर निगम के द्वारा इन मकानों के नाम पर नोटिस जारी किया जाता है। इन मकान के मालिकों से मकान को तोड़ लेने के लिए कहा जाता है। निगम के नोटिस के आधार पर कोई भी मकान मालिक कभी भी अपना मकान नहीं तोड़ता है। ऐसे में निगम नोटिस देकर अपनी औपचारिकता को पूरा कर लेता है और शांति से बैठ जाता है। हर साल कुछ मकान जो बहुत ज्यादा खतरनाक स्थिति में आ चुके होते हैं उन्हें तोड़ने की औपचारिकता को पूरा किया जाता है।



## सेज यूनिवर्सिटी में काम करने वाले गार्ड की सैलेरी नहीं मिली

### शिकायत पहुंची पुलिस के पास, हंगामा भी खड़ा किया

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** सेज यूनिवर्सिटी कैम्पस-2 राऊ बायपास पर गार्ड की नौकरी करने वाले करीब डेढ़ दर्जन लोगों को विगत कई माह से सैलेरी नहीं मिली है। इस पर पीड़ित भड़क उठे और उन्होंने कैम्पस में नारेबाजी भी की और सेज यूनिवर्सिटी के जिम्मेदारों से प्रश्न भी खड़ा किया कि वे ठेकेदार को भुगतान करते रहे और इधर नौकरी करने वाले लोगों को भुगतान नहीं मिला है। यूनिवर्सिटी के कॉलेज को चाहिए था कि वे ठेकेदार का भुगतान रोकते, इस मामले में पीड़ितों ने तेजाजीनगर थाना में भी ठेकेदार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

# जैन महासंघ पदाधिकारियों से मांगा जा रहा है हिसाब

### पूछ रहे है रथयात्रा स्वामी वात्सल्य के खर्च और दानदाताओं से प्राप्त राशि का ब्यौरा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के अवसर पर आयोजित रथयात्रा एवं स्वामी वात्सल्य कार्यक्रमों के बाद श्वेताम्बर जैन महासंघ में विवाद गहराता जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आयोजन में हुए खर्च, दानदाताओं से प्राप्त राशि और व्यवस्थाओं की पारदर्शिता को लेकर ट्रस्ट मंडल के कई सदस्यों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए महासंघ पदाधिकारियों से जवाब मांगा है। महासंघ के सदस्य अनिल लोढ़ा ने बताया कि करीब 250 से ज्यादा सदस्यों ने इवेंट कंपनी को दिए गए कार्य, बाउंसरों की तैनाती और आयोजन की कार्यप्रणाली को लेकर कई सवाल उठाए गए हैं। महासंघ सदस्यों का कहना है कि धार्मिक आयोजनों में परंपरा और मर्यादा सर्वोपरि होनी चाहिए, जबकि इस बार कई व्यवस्थाएं विवाद का कारण बनी हैं। इधर, महासंघ अध्यक्ष विजय मेहता के रुख भी चर्चा में है। उन्होंने संकेत दिए हैं कि वे सवालों का जवाब देने के बजाय पद छोड़ना अधिक उचित समझते हैं। इस बयान के बाद संगठन के भीतर मतभेद और खुलकर सामने आने लगे हैं। नवकारसी और अन्य आयोजनों में अव्यवस्थाओं को लेकर भी असंतोष सामने आया है। राजवाड़ा स्थित नवकारसी स्थल पर झांकियों से जुड़ा ट्रैक्टर मुख्य द्वार पर खड़ा रहने से श्रद्धालुओं को परेशानी हुई। इस पर भी नाकोड़ा भक्तों ने विधिवत नोटिस भी महासंघ अध्यक्ष को दिया है। दलाल बाग में बाउंसरों की तैनाती को लेकर सवाल उठे हैं। वहीं, महिलाओं के साथ कथित अभद्र व्यवहार और भोजन व्यवस्था की गुणवत्ता को लेकर भी शिकायतें सामने आई हैं। इसके अलावा पत्रिका वितरण में असमानता, आमंत्रण में भेदभाव, अनेक क्षेत्रीय श्री संघ को निमंत्रण नहीं दिया जाना, जुलूस के दौरान समन्वय की कमी और धर्मसभा में व्यवस्थाओं को लेकर भी नाराजगी जताई गई है। समाज के वरिष्ठजनों का कहना है कि पारदर्शिता और संवाद ही इस स्थिति से निकलने का एकमात्र रास्ता है। अब सभी की नजर महासंघ की आगामी बैठक पर टिकी हुई है, जहां इस पूरे मामले पर स्पष्टता आने की उम्मीद है।

# क़नुप्रिया सत्तन का पीएम को खुला पत्र...सोची समझी साजिश बताया

### दशहरा मैदान पर सत्तन गुरु की कुर्सी को लेकर हुए घटनाक्रम पर कांग्रेस में शामिल हुई बेटी ने जाहिर की पीड़ा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुई भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्यनारायण सत्तन की बेटी कनुप्रिया सत्तन ने 29 मार्च को दशहरा मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में कुर्सी को लेकर हुए घटनाक्रम को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को खुला पत्र लिखा है। उन्होने घटनाक्रम को सुनियोजित साजिश बताया और निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

कनुप्रिया सत्तन ने अपने पत्र लिखा है कि यह घटना केवल उनके पिता के साथ हुआ अपमान ही नहीं है लोकतांत्रित मूल्यों के विरुद्ध है। उन्होने इसे मुख्यमंत्री के अधिकारिक कार्यक्रम में अनावश्यक विवाद पैदा करने के लिए सोची-समझी साजिश बताई है।

उल्लेखनीय है कि 29 मार्च को दशहरा मैदान पर आयोजित हुए कार्यक्रम में सत्तन गुरु को जब मंच पर जगह नहीं मिली तो वे लौट आए। इस पर जब मीडिया में खबरें चली तो अगले दिन गुरु को मनाने का दौर चलता रहा। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा उनसे माफी मांगने पहुंचे थे। हालांकि सत्तन की बेटी ने इसे एक मंत्री के इशारे पर होने का आरोप लगाया है।

# आज शाम धूलभरी हवाएं चल सकती हैं

### अभी रविवार तक रहेगी बदली वाला मौसम

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** मौसम विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि पूर्व अनुमान के अनुसार ही रविवार तक मौसम में परिवर्तन बना रहेगा। कभी धूप तो कभी बदली तो कभी हवाएं, तो कभी धूलभरी अंधड़ वाली हवाएं भी चलेगी। शर्मा के मुताबिक आज शाम को भी तेज हवाएं धूलभरी चल सकती हैं और रात में भी ऐसा हो सकता है। इंदौर में शाम को पानी की बौछारें भी आ सकती हैं। कल मंदसौर, नीमच क्षेत्र में तेज पानी गिर सकता है। इंदौर का मौसम अभी 3 दिनों तक बदली, तेज हवाओं, बूंदाबादी जैसा बना रहेगा। बीच-बीच में धूप भी खिलती रहेगी।

# भंडारों पर नहीं आई कमर्शियल गैस की उपलब्धता की आंच

### गली-गली, मोहल्ले में हुए सैकडों आयोजन, कहीं खुदी भट्टी तो कहीं की सिलेण्डर की जुगाड़

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

**ईरान और इजराइल, अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के कारण देश में कमर्शियल गैस की सप्लाय प्रभावित हुई है। सीमित कमर्शियल सिलेण्डर की उपलब्धता ही बताई जा रही है। कई शादियों के आयोजन पर भी इसका असर हो रहा है, लेकिन कल हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारों पर कमर्शियल गैस की समस्या बेअसर रही।**

हनुमान जन्मोत्सव पर कल शायद ही ऐसा क्षेत्र बचा था जहां भंडारे, प्रसाद वितरण नहीं हुआ हो, शहरभर में हजारों आयोजन कल हुए। खास बात यह है कि प्रतिवर्ष होने वाले इन आयोजनों में कल कोई कटोती नहीं की गई। कई बडे आयोजन भी भंडारे के हुए। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया लेकिन कमर्शियल गैस की किल्लत कहीं भी नजर नहीं आई। खास बात यह है कि इसी भंडारे में बनने वाली आयटमों में भी कोई कटौती नहीं की गई। कुछ जगह जहां खाली मैदान में भंडारे हुए वहां भट्टी खोदी गई। वहीं क़ई भंडारे, अन्नकूट के लिए ग़ैस की जुगत की गई। शहर के एक आयोजन के लिए तो सोशल मीडिया पर प्रसारित चर्चा का विषय रहा। इस मैसेज में भंडारे के लिए खाद्य सामग्री का सहयोग नहीं मांगा गया और यह लिखा गया कि जो भी सहयोग करना चाहता है वह टंकी की व्यवस्था में सहयोग करे।

## शास्त्री के श्रीमुख से भागवत कथा होगी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** डॉ मनोज मोहन शास्त्री वृंदावन के मुखारबिंद से खजराना के प्रवचन हाल में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 7 अप्रैल से रोजाना दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगा। नंदकिशोर पीपलवा, पुष्पा खंडेलवाल व्यवस्था सम्भाल रहे है।

# वैश्य महासम्मेलन की बैठक में स्वास्थ्य शिविर फोकस

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अरविंद बागडी, शहर अध्यक्ष धीरज खंडेलवाल ने बताया कि रमेश अग्रवाल की स्मृति में 12 अप्रैल को माहेश्वरी भवन संयोगितागंज में बड़े स्तर का स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर के लिए 100 से अधिक वैश्य संगठन पदाधिकारियों की मौजूदगी में बैठक का आयोजन फतेहपुरिया धर्मशाला में किया गया। स्वास्थ्य शिविर के अलावा वैश्य घटकों के परिजनों के बीच रोटी बेटी के रिश्तों को मजबूती दिलाने पर भी चर्चा हुई। दिनेश-राज मित्तल फाउंडेशन के माध्यम से यह शिविर वैश्य संगठन आयोजित करा रहा है। अरविंद बागडी, दिनेश मित्तल, धीरज खंडेलवाल, कुलभूषण मित्तल कुक्की, किशोर गोयल, नकुल पाटोदी, राजेश बंसल, हर्ष जैन, अमिताभ सिंघल, आशीष गोयल, देवकीनंदन सिंघानिया सहित अन्य मौजूद थे।

# प्राधिकरण ने अधिकारियों की कमी पूरी करने का रास्ता निकाला

**दो सेवानिवृत्ति इंजीनियरों को तकनीकी सलाहकार के रूप में लेंगे वापस**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा अधिकारियों की कमी को पूरा करने का रास्ता निकाल लिया गया है। इसके तहत अब प्राधिकरण के द्वारा दो सेवा निवृत्त इंजीनियरों को तकनीकी सलाहकार के रूप में सेवा में वापस लिया जाएगा।**

प्राधिकरण में अधिकारियों और कर्मचारियों की कमी हर दिन बढ़ती जा रही है। प्राधिकरण के पूर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी राम प्रकाश अहिरवार के द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान अधिकारियों कर्मचारियों की कमी की ओर राज्य शासन का ध्यान आकर्षित किया गया था। उन्होंने रिक्त पदों की जानकारी भोपाल भेजते हुए सरकार से नई नियुक्तियां करने की पहल की थी। यह पहल अधर में ही अटक कर रह गई। उसे समय तो सरकार के द्वारा कहा गया था कि प्राधिकरण की मांग के अनुसार अधिकारी और कर्मचारी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही सरकार के द्वारा यह भी कहा गया था कि कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए कर्मचारी राज्य चयन मंडल के माध्यम से नए कर्मचारियों की भर्ती करके दे दी जाएगी। इस दिशा में शुरू हुए सारे काम कब कहां बंद हो गए, किसी को पता ही नहीं चला।

इस समय प्राधिकरण के पास नई टाउन प्लैनिंग स्कीम विकास के लिए तैयार है। इसके साथ ही शहर के अलग-अलग क्षेत्र में भी प्राधिकरण को कार्य करना है। इन सारे कामों को करने के लिए उन्हें इंजीनियरों की आवश्यकता है। शासन की ओर से नियुक्ति न होने पर प्राधिकरण के द्वारा इस समस्या के समाधान का रास्ता निकाल लिया गया है। इसके तहत प्राधिकरण की ओर से सेवानिवृत्त हो चुके इंजीनियरों को तकनीकी सलाहकार के रूप में सेवा में वापस लेने की पहल की गई है।

प्राधिकरण के संचालक मंडल की पिछले दिनों हुई बैठक में इस विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। संभाग आयुक्त एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष सुदाम खाड़े भी इस बात से सहमत है कि प्राधिकरण को और इंजीनियरों की आवश्यकता है। अन्यथा जो काम कराए जा रहे हैं उन कामों में गुणवत्ता पर नजर रख पाना संभव नहीं हो पाएगा। ऐसी स्थिति में प्राधिकरण के द्वारा सेवानिवृत्त हो चुके मुख्य अभियंता अनिल जोशी और अनिल चुघ को वापस सेवा में लेने का फैसला लिया गया है। इन दोनों अधिकारियों को कांट्रेक्चुअल अपॉइंटमेंट के माध्यम से तकनीकी सलाहकार के रूप में प्राधिकरण में लिया जा रहा है।

### पहले कोशिश हो गई थी नाकाम

इनमें से जब अनिल जोशी सेवानिवृत्त हुए थे तो उस समय पर उन्हें वापस से सेवा में लेने की कोशिश की गई थी। राज्य सरकार की ओर से भी अनुमति आ गई थी। उस समय पर जोशी ने खुद ही प्राधिकरण में वापस आकर काम करने से इनकार कर दिया था। अब उन्हें काम करने के लिए राजी कर लिया गया है।

---

## रिक्शा संघ को बदनाम करने की साजिश का आरोप

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भगवा ऑटो रिक्शा चालक संघ के वीरेन्द्रकुमार त्रिपाठी ने बताया कि पिछले दिनों से ही संघ के खिलाफ सुनियोजित तरीके से दुष्प्रचार किया जा रहा है। इस मामले में पुलिस, प्रशासन और परिवहन विभाग को भी आवेदन दिए गए हैं, ऑडियो रिकार्डिंग भी दी गई है, इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। नवलखा बस स्टैंड क्षेत्र से जुड़े एक व्यक्ति द्वारा जानबूझकर संघ को बदनाम कर छवि धूमील की जा रही है। यह व्यक्ति मंत्री की छवि भी खराब कर रहा है। इन पर कार्रवाई की मांग त्रिपाठी द्वारा की गई है।

## जूरी अवार्ड से सम्मानित



**इन्दौर।** बचपन प्ले स्कूल, ट्रेज़र फैंटेसी को शिक्षा के क्षेत्र में कार्य पर मेस्ट्रो जूरी अवार्ड से दिल्ली में सम्मानित किया गया। टेनिस खिलाडी अचंत शरत कमल ने प्राचार्य पलक-विकास वर्मा को यह सम्मान दिया। समाजसेवी अशोक जायसवाल ने उपलब्धि पर बधाई दी।

## क्लोरिनेशन के सैंपलिंग कार्य में लापरवाही

**3 एई को शोकाज नोटिस, जनसुनवाई की शिकायत, उपयंत्री के विरुद्ध भी जांच के आदेश**




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने सिटी बस सभाकक्ष में जलप्रदाय, सीवरेज विभाग तथा जलापूर्ति के साथ ही सीएम हेल्पलाइन, इंदौर 311 एप, स्वच्छ सर्वेक्षण, आगामी त्यौहार, ग्रीष्मकाल, जलसुनवाई की झोनवार समीक्षा बैठक अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित की गई। यह तय हुआ कि निजी ट्यूबवेल और हाइड्रेंट पर आम लोगों को क्लोरिनेशन के लिए प्रेरित किया जाएगा, रेस्टोरेशन कार्य को नागरिकों की दृष्टि से देखें और उसका समय सीमा में निराकरण कराए। वहीं क्लोरिनेशन के सैंपलिंग कार्य में लापरवाही करने पर पीएचई के 03 एई को शोकाज नोटिस जारी, रेस्टोरेशन कार्य ठीक से नहीं करने पर उपयंत्री का 03 दिन का वेतन काटा वहीं जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत का समय सीमा में निराकरण नहीं करने पर उपयंत्री के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश भी दिए। झोनवार समीक्षा के दौरान पानी की टंकी से लेकर जलप्रदाय लाइन के अंतिम छोर तक क्लोरिनेशन के सैंपलिंग कार्य की जानकारी निर्धारित प्रारूप में दर्ज नहीं करने एवं लापरवाही करने पर पीएचई विभाग के 03 एई राहुल रघुवंशी, दौलत सिंह गुड़िया एवं शिव दत्त व्यास को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

### पानी के टैंकर पर जीपीएस सिस्टम

गर्मी में निगम द्वारा चलाए जा रहे पानी के टैंकर से जल प्रदाय होगा उस पर अनिवार्य रूप से जीपीएस सिस्टम लगे रहेंगे और टैंकर की जीपीएस लॉक बुक भी रखना होगी। लॉक बुक के आधार पर ही टैंकर के किराये का भुगतान होगा। वहीं जल गंगा संवर्धन अभियान को भी लक्ष्य बनाकर पूरा करने के निर्देश दिए गए। आम लोग को भी रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और रिचार्ज सॉफ्ट के लिए प्रेरित करें। कुएं, बावड़ी पर सुधार कार्य किया जाए, सफाई हो।

---

# शिवाजी मार्केट की 16 दुकान कभी भी टूट सकती है

## गुरुवार शाम मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने निगम के खाते में जमा कराए डेढ़ करोड़

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शिवाजी मार्केट की 16 दुकानों पर एक-दो दिन में कभी भी चल सकते हैं हथौड़े। कुछ समय पूर्व जिस तरह से शिवाजी मार्केट की मल्टीलेवल पार्किंग नगर निगम द्वारा मेट्रो अंडरग्राउंड में बाधक होने पर तोड़ी गई थी उसी तरह से शिवाजी मार्केट की अब 16 दुकान फिलहाल मेट्रो निर्माण में बाधक बनी हुई है इसीलिए गुरुवार शाम को मेट्रो रेल कॉरपोरेशन का पत्र निगम मुख्यालय पहुंचा। जिसमें यह बताया गया कि रिमूवल कार्य के लिए नगर निगम द्वारा डिमांड की गई डेढ़ करोड़ रुपए की राशि नगर निगम के खाते में जमा कर दी गई है इसके बाद अब नगर निगम को रिमूवल का काम करके मेट्रो को आगे के निर्माण हेतु जमीन देना है।

### व्यापारी बोले हो जाएंगे बेरोजगार

इधर शिवाजी मार्केट के दुकानदारों ने बताया कि उन्हें दुकान खाली करने के लिए कहां जा चुका है इसके लिए नगर निगम बेदखली का नोटिस दे रहा है। यहां से दुकान खाली करने के बाद कई लोग बेरोजगार हो जाएंगे। नंदलालपुरा परिसर में हमारी दुकान नहीं चलेगी। पंछियों और उनके लिए दाना पानी सहित अन्य सामग्री लेने नंदलालपुरा की तीसरी मंजिल पर कौन आएगा। रेडीमेड वालों को परिसर में नीचे दुकान दी जा रही है जिस तरह से राजवाड़ा के आसपास की दुकानें हटाई गई और अब उनका व्यापार पूरी तरह से ठप हो गया है वैसे ही शिवाजी मार्केट के दुकानदारों का व्यापार नंदलालपुरा में नहीं चल सकेगा। नगर निगम ने दुकान खाली करने के लिए कह दिया है। अब दुकान शहर के अन्य हिस्सों में देख रहे हैं।

### टीबीएम के लिए रास्ता हो रहा तैयार

यहां टनल बोरिंग मशीन के लिए रास्ता तैयार किया जा रहा है, आगामी समय में यहां से टनल बोरिंग मशीन के माध्यम से खुदाई की जाएगी। रिमूव्हल विभाग के अपर आयुक्त आकाश सिंह ने बताया कि इधर नगर निगम द्वारा शिवाजी मार्केट की जमीन देने पर सहमति बन गई है। साथ ही शिवाजी मार्केट हटाने को लेकर भी प्रक्रिया तेजी से चल रही है। यहां की सभी 125 दुकान हटाई जाएगी। फिलहाल नगर निगम ने मेट्रो रेल कॉरपोरेशन से डेढ़ करोड रुपए की राशि डिमांड की है, क्योंकि 16 दुकानें हटाई जानी है, यह दुकाने खाली करवा ली गई है। बीते एक साल से दुकानें हटाने नोटिस निगम की ओर से दुकानदारों को दिया है। वहीं अपर आयुक्त सिंह ने बताया कि मल्हारगंज थाना और यहां बनी दुकानें भी हटाई जानी है। जल्द ही रिमूवल की कार्यवाही की जाएगी। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने नगर निगम के खाते में डिमांड की गई राशि जमा कर दी है इसके लिए गुरुवार शाम को पत्र निगम मुख्यालय पहुंचा। कार्रवाई के संबंध में नगर निगम आयुक्त के दिशा निर्देश के अनुसार काम किया जाएगा।

### अंडरग्राउंड खुदाई का डर दूर करने प्रयास

इस दौरान नगर निगम एवं मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी मेट्रो निर्माण के दौरान किसी भी रहवासी के मकान को नहीं हटाया जाएगा, ना ही शिफ्ट किया जाएगा। क्षेत्र में मकान हटाने अंडरग्राउंड खुदाई को लेकर रहवासियों में दशहत थी, लेकिन मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन अधिकारी और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की समझाइश के बाद रहवासियों का डर दूर हुआ है।

### रिवरफ्रंट विकसित करने में देरी

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि शिवाजी मार्केट पर रिवरफ्रंट डेवलप करने की योजना पिछले साल बनाई गई थी लेकिन मार्केट हटाने में विलंब हो रहा है। यहां मेट्रो खुदाई पूरी होने के बाद रिवरफ्रंट विकसित किया जाएगा हालांकि जब तक मेट्रो को काम चलेगा यह संभव नहीं है। सभी जायज दुकानदारों के लिए नंदलालपुरा सब्जी मंडी के पास बनाए गए मार्केट में दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया चल रही है।

# हनुमान जयंती पर हुए जगह-जगह कार्यक्रम



## सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** हनुमान जयन्ती पर भैयाजी ग्रुप राजमोहल्ला ने हनुमानजी का पूजन किया और 11 बार सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। घनश्याम मित्तल ने बताया की ग्रुप के करीब 50 सदस्यो ने भाग लिया।

## हनुमानजी की आरती के बाद चलता रहा भंडारा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मरीमाता चौराहे के पास स्थित श्री अत्तर मारुति स्वामी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर चोला चढ़ाकर अनुष्ठान, श्रृंगार, महाआरती, भजन का आयोजन किया। इधर भंडारा भी देर रात तक चलता रहा। पंकज शर्मा ने उक्त जानकारी दी।



## शोभायात्रा में लगे भगवान के जयकारे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** हनुमान जन्मोत्सव पर तिलक नगर स्थित चमत्कारी श्री सालासर बालाजी भगवान की शोभायात्रा भगवान के जयकारों के साथ निकाली गई। पार्षद राजेश उदावत, ललिता गौड़, राजू सोलीवाल, सुरेन्द्र पाल, नवीन सोलीवाल, अविनाश पचौरी, हिमांशु गौड़ मौजूद रहे।

## 151 किलो काजू बादाम किशमिश पंचमेवा का भोग

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** हनुमान जयंती पर अरण्य धाम संत आश्रम पर कल भगवान को विशेष श्रृंगारित कर 151 किलो ड्राइ फ्रूट का भोग लगाया, महाआरती की गई, प्रसादी का वितरण किया गया।



## शिव हनुमान मंदिर में भंडारा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

सिलावटपुरा सार्वजनिक जय शिव हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर भंडारे का आयोजन किया गया। महाआरती भी हुई। महेश ढालिया पवन भावसार महेश शर्मा जितेंद्र शर्मा राहुल नगर अनमोल सोनी प्रकाश चंद्र सोनी आशीष सोनी रोहित नगर सहित क्षेत्र के रहवासी मौजूद रहे।





## पाठ और हवन का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री दत्त माऊली सद्गुरू अण्णा महाराज संस्थान में सामूहिक स्त्रोत पाठ एवं हवन का आयोजन किया गया। प्रदीप बालदे ने उक्त जानकारी दी।



## फूल बंगला सजाया

**इंदौर।** मां आनंदमयी पीठ पर कल हनुमानजी को फूल बंगला में श्रृंगारित किया गया। महाआरती एवं प्रसादी का आयोजन हुआ। देर रात तक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। स्वामी केदारनाथ महाराज एवं स्वामी परिपूर्णानंद, मुकेश-संगीता कचोलिया, विजय निचानी, निलेश पूजा मित्तल, अशोक पाहवा, मनोज भाया आदि उपस्थित थे।

## धोबीघाट पर सुंदरकांड पाठ एवं महाआरती



**इंदौर।** धोबीघाट पर कल हनुमानजी का जन्मोत्सव बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी में मनाया। पुलिस बल भी मौजूद रहा। सामूहिक सुंदरकांड का पाठ एवं महाआरती का आयोजन किया गया। हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक सुमित हार्डिया, संजय भाटिया, धीरज यादव, प्रवीण यादव और रोहित पटेल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आरती और हनुमान चालीसा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री सकल पंच राठौर समाज युवा संगठन ने हनुमान चालीसा का पाठ और आरती की। बड़ी संख्या में राठौर समाजजन मौजूद रहे।



## सालासर बालाजी के लगे जयकारे

**इंदौर।** सालासर बालाजी मंदिर तिलकनगर में कल हनुमान जन्मोत्सव पर अलसुबह से देर रात तक आयोजन हुए। ध्वजा चढ़ाई गई, स्वर्ण श्रृंगार किया गया। हवन, महाआरती, प्रसादी के आयोजन के साथ शोभायात्रा भी निकाली गई। विधायक महेंद्र हार्डिया, पार्षद, राजेश उदावत, शैलेंद्र महाजन, राजू सोनीवाल, होलासराय सोनी, ललिता गौड, अविनाश पचौरी, रमेश जैन,विक्रम शेखावत,दीपेश पालविया,तीरथपाल यादव,पवन भार्गव,पंकज चौहान,कन्हैया जोशी,शीतल थोराथ,सोनू कैथवास,मुनेश सोनकर,जितेश शर्मा मौजूद थे।

## 200 किलो फलों का वितरण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री सुंदरदास पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर पूजन, आरती व 200 किलो फल वितरित किए गए। विधायक महेंद्र हार्डिया, राजेंद्र कूलवाल, कैलाश चन्द्र खण्डेलवाल दिनेश कुलवाल, सुनील माली, रमेश गुप्ता, सुनील खंडेलवाल सी.ए. तथा कैलाशचंद खंडेलवाल, संजय बड़गोती, हेमंत खंडेलवाल , मोहनलाल खंडेलवाल, गोयल साहब, मनोज खण्डेलवाल उपस्थित रहे।



## मेहंदीपुर बालाजी धाम पर कीर्तन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

नायता मुंडला स्थित मेहंदीपुर बालाजी धाम पर कल बालाजी का विशेष श्रृंगार किया गया। 56 भोग भी अर्पित किए गए। सुनील-उमा अग्रवाल ने बताया कि भजन गायक प्रमोद चौहान ने भजनों की प्रस्तुति दी।भंडारे का आयोजन भी हुआ। इस अवसर पर मुकेश गर्ग,बंटू पाराशर सहित अन्य मौजूद थे।





## मनोहारी श्रृंगार हुआ

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** नागरची बाखल स्थित हनुमान मंदिर पर कल शाम को सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ।हनुमान जी को विशेष पोशाक पहनाई गई। फूलबंगला भी सजाया गया। उक्त जानकारी मनोज वैष्णव, अंकित वैष्णव ने दी।



## रणजीत हनुमान पर आज सुबह कांकड़ आरती

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** प्राचीन रणजीत हनुमाम मंदिर पर आज सुबह कांकड़ आरती की गई। सात दिवसीय अखंड रामायण पाठ का समापन भी हुआ। कल देर रात तक श्रद्धालुओं ने हनुमान जन्मोत्सव पर बाबा का मनोहारी श्रृंगार के दर्शन किए। उक्त जानकारी पं. दीपेश व्यास ने दी।

## माहेश्वरी व्यापार महोत्सव को लेकर तैयारियां जारी, बैठक बुलाई

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरी समाज इंदौर जिला द्वारा पहली बार व्यापार महोत्सव का आयोजन 11 और 12 अप्रैल को ब्रिलियन्ट कन्वेंशन सेंटर नक्षत्र में किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर लगातार तैयारियां चल रही है। जिला अध्यक्ष डॉ. सत्यनारायण मंत्री पप्पू, संयोजक भरत तोतला, दिनेश परवाल ने बताया कि व्यापक तैयारियां हो चुकी है, जिम्मेदारी भी तय की जा रही है। इस आयोजन को अंतिम रूप देने के लिए 6 अप्रैल रात 8 बजे से माहेश्वरी भवन संयोगितागंज में बड़ी बैठक बुलाई गई है।



# स्टूडेंट्स ने दिखाई रोबोटिक और ऑटोमेशन की तकनीक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आईपीएस एकेडमी, इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड साइंस, के प्रथम वर्ष विभाग द्वारा 'इंटर कॉलेज साइंस एग्जीबिशन के आयोजन में कुल 7 विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 400 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें 90 नवाचारपूर्ण मॉडल प्रस्तुत किए गए। प्रदर्शनी तीन प्रमुख विषयों—वैज्ञानिक एवं तकनीकी नवाचार, रोबोटिक्स एवं ऑटोमेशन तथा सॉफ्टवेयर एवं एप्लिकेशन्स—पर आधारित रही। प्राचार्या डॉ. अर्चना कीर्ति चौधरी, महेंद्र लाड, के. के. शरंगपानी, डॉ. संजय जैन, डॉ. सरोज रघुवंशी मौजूद थे।

# नित्यसेन सूरीश्वरजी म.सा. का चातुर्मास होगा



**इंदौर।** आचार्य नित्यसेन सूरीश्वरजी म.सा. का आगामी चातुर्मास इंदौर में होगा। राजेश जैन युवा ने बताया कि देश भर के जैनश्री संघ के 50 से अधिक संघों ने माहेनखेड़ा धर्मस्थल पर चातुर्मास के लिए विनती की थी। संत ने संकेत दिए कि चातुर्मास पूर्व मालवा क्षेत्र के विभिन्न नगरों में, जहाँ मंदिर निर्माण पूर्ण हो चुका है, वहाँ प्रतिष्ठा महोत्सव एवं दीक्षा कार्यक्रम संपन्न होंगे। विदित हो कि आचार्य श्री की पावन निश्रा में देशभर में 300 से अधिक संघ उनके मार्गदर्शन में सामाजिक, धार्मिक एवं पारमार्थिक गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं।



## भोजपुरिया सोसायटी में ठाकुर उपाध्यक्ष

**इंदौर।** भोजपुरिया वेलफेयर सोसाइटी का शहर उपाध्यक्ष परमात्मा ठाकुर को नियुक्त किया गया। नियुक्ति पर बधाई दी। 12 अप्रैल को शपथ ग्रहण होगा।

# परशुरामजी के जयकारों के साथ सात दिनों तक निकलेगी प्रभातफेरी

## संस्कार यात्रा का नेतृत्व गौ माता द्वारा किया जाएगा

**इंदौर।** परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनूप शुक्ला, प्रकाश शर्मा, दीपक शर्मा, अनिल तिवारी, गौतम तिवारी ने बताया कि परशुराम जयंती अवसर पर सात दिवसीय प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। भगवान का चित्र पूजन और जयकारे भी अलग अलग क्षेत्रों में गूंजेंगे। अलग अलग ब्राह्मण समाजजनों को इसकी जिम्मेदारी दी है। आयोजन की शुरुआत 9 अप्रैल से होगी जो 16 अप्रैल तक आयोजन चलेगा। आयोजन से प्रेम बागोरा, विजेन्द्र दीक्षित , रितेश शर्मा, राजेश दुबे भी जुड़े हुए हैं।



# मनकामनेश्वर महादेव तीर्थ यात्रा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** डॉ. अम्बेडकर नगरी महू के श्रद्धालुओं ने पांच दिवसीय श्री मनकामनेश्वर महादेव तीर्थ यात्रा में शिरकत की। सभी श्रद्धालु गुजरात में देशदर्शन कर महूगांव वापस पहुंचे तो रहवासियों अतुल जड़िया,सूरज शर्मा, शुभम राठौर, देवांश जड़िया, आकाश तिवारी, उषा केलवा, मोनिका मालवीय ने श्रद्धालुओं का स्वागत भी किया। विकास विजय शर्मा,विशाल शर्मा, आशीष ठाकुर आयोजन से जुडे थे।

# ईद मिलन और सम्मान का आयोजन

## अधिवक्ता फ्रेंड्स ग्रुप जुडे रहे



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर अधिवक्ता फ्रेंड्स ग्रुप द्वारा होटल में ईद मिलन और सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधिपति श्री विजय कुमार शुक्ला एवं न्यायाधिपति श्री आलोक अवस्थी, श्री पिल्लई भी उपस्थित थे। अधिवक्ता शाहरुख शेख, सुल्तान खान और रिजवान खान ने बताया कि इस वर्ष भी ईद मिलन और सम्मान के आयोजन में बडी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए। जिनमें शेख अलीम, जय हार्डिय, सुनील गुप्ता, विवेक सिंह, आसिफ वारसी, सुरेंद्र कुमार वर्मा, मनीष यादव, एल यादव, मोहम्मद अंसारी मनोज द्विवेदी ने सम्बोधित भी किया। अनीस कुरैशी, रियाज शेख, शाहरुक खान, सैयद जाफर अली, शाहरुख खान, शेख शाहरुख, सुल्तान बेग, जावेद खान, रिजवान खान, हुसैन आमिर सोहेल, साजिद खान, मोमिन खान, अजीम खान, शत्रो शगुप्ता खान, शाहीन अली ने अपनी भूमिका निभाई।





# गुड फ्राइडे पर प्रार्थना और क्रूस यात्रा निकाली

**इंदौर ।** आज गुड फ्राइडे मनाया जा रहा है। सभी चर्चों में आज सुबह प्रार्थनाओं का आयोजन किया गया। पलासिया मसीह मंदिर में क्रूस यात्रा भी निकाली गई। और भी जगह इस तरह के आयोजन हुए।

# गो समिति की सेवा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** गो सेवा समिति ग्रुप के सदस्यों ने कल पूर्णिमा हनुमान जन्मोत्सव पर खेडापति हनुमान मंदिर पर दर्शन कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। गोसेवा भी गौशाला में की। आरती और गो पेटपूजा का आयोजन किया। श्याम भांगडिया, चंद्रशेखर नीमा, अनिल नीमा, अनुराग नीमा, बीएल तिवारी, प्रकाश राठी, श्याम पांडे, दिनेश तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, मनोज नेमा, द्वारकादास नीमा मौजूद थे।



# युवा संगठन की राष्ट्रीय बैठक होगी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पश्चिमी मध्यप्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन एवं इंदौर जिला माहेश्वरी युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 'अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन' की कार्यसमिति बैठक 4 एवं 5 अप्रैल को इंदौर में आयोजित होगी। 4 अप्रैल को 'कॉर्पोरेट सेमिनार' का आयोजन शाम 6 बजे से 8.30 बजे तक 'महेश्वरम' माहेश्वरी भवन पर आयोजित होगा। सहभोज का आयोजन भी किया गया है। इन्दौर अध्यक्ष राम सोमानी एवं प्रतीक माहेश्वरी ने उक्त जानकारी दी।



# शिष्यों के पैर धोकर पवित्र गुरुवार मनाया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** क़ल गुरूवार को कैथोलिक धर्मसमाज ने पवित्र गुरुवार मनाया। इस दिन दो प्रमुख धार्मिक विधियों की याद करते हुए प्रार्थनाएं की गई। पहली धार्मिक विधि आज ही के दिन प्रभु येसु ख्रीस्त ने अपने बारह शिष्यों के साथ बैठकर अंतिम भोज किया था। इस भोज के दौरान ही उन्होंने पवित्र यूखरिस्त की स्थापना की थी। दूसरी धार्मिक विधि के अनुसार प्रभु यीसु ख्रीस्त ने सेवाभाव एवं विनम्रता का उदाहरण देते हुए अपने शिष्यों के पैर धोये थे। इसी यादगार में विश्व कैथोलिक कलीसिया में आज के दिन पुरोहित द्वारा बारह व्यक्तियों के पैर धोये जाते हैं। ये दोनों धार्मिक विधियाँ इंदौर के भी सभी कैथोलिक गिरजाघरों में शाम 6:30 बजे दोहराई गई।

# इंदौर से श्रद्धालु शाजापुर के पिपलोदा पहुंचे दर्शन करने



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** शाजापुर जिले के शाजापुर से करीब 11 किलोमीटर दूर ग्राम पिपलोदा में सालों पहले जमीन से हनुमानजी की प्रतिमा प्रकट हुई थी। उसी स्थल पर इच्छापूर्ति हनुमानजी की प्रतिमा स्थापित की गई। श्रद्धालुओं की इच्छा की पूर्ति मन्नत के बाद भगवान करते हैं, ऐसी मान्यता है। कल हनुमान जयंती पर बड़ी संख्या में इंदौर से माहेश्वरी समाजजन एवं अन्य श्रद्धालु पिपलोदा पहुंचे जहां महाआरती और हवन में शिरकत के बाद प्रसाद भी ग्रहण किया। आयोजक शिवकुमार माहेश्वरी, रवि माहेश्वरी ने बताया कि श्रद्धालु शाजापुर ही नहीं इंदौर और प्रदेश के बाहर से भी यहां दर्शन और आयोजन में शिरकत करने पहुंचे थे। एक दिन पहले भी सुंदरकांड का पाठ किया गया।

## मोठिया का अजा परिषद ने किया अभिनंदन

**देवास ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शासकीय विद्यालय गुराडिया रुपा से सेवा शिक्षा देकर सेवानिवृत्त हुए हेमराज मोठिया सर का अखिल भारत अनुसूचित जाति परिषद एवं संत शिरोमणि भिखारी दास मन्दिर सेवासमिति ने साफा पहनाकर अभिनंदन किया। प्रो. भागीरथ सिंह मालवीय, संत, राजेन्द्र-राधाकिशन मालवीय, प्रहलादसिंह बिजौनिया, जयरामसिंह मालवीय, डॉ. मुन्ना सरकार, आत्माराम परिहार, कांतिलाल सोलंकी, कमलसिह चौहान, राजाराम परमार, विक्रम सिंह बामनिया, ईश्वर सिंह मालवीय, समंदरसिंह मालवीय, हेमराज परमार केशरसिंह चौहान मौजूद थे।

## गर्मी के मौसम में पशुओं से कार्य लेने पर प्रतिबंध

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गर्मी के मौसम को देखते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग एवं जिला पशु क्रूरता निवारण समिति ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत गर्मी के दौरान पशुओं के उपयोग पर दोपहर के समय प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश के अनुसार 1 अप्रैल से 10 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच, जब तापमान अधिक रहता है, उस अवधि में भार वाहक पशुओं से किसी भी प्रकार का कार्य लेना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान बैलगाड़ी, तांगा, ऊंटगाड़ी, भैंसागाड़ी, खच्चर, टट्टू एवं गधों पर वजन ढोने या सवारी कराने से पशुओं के बीमार होने या मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए पशु मालिकों से अपील की गई है कि वे इस अवधि में पशुओं को कार्य में न लगाएं। निर्देशों का उल्लंघन करने पर संबंधित पशु मालिकों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान भी रखा गया है।

## शव-वाहन की निःशुल्क सुविधा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर जिले में शव वाहन की निःशुल्क सुविधा सभी शासकीय अस्पतालों में रोगी/दुर्घटना पीड़ितों की इलाज के दौरान मृत्यु होने पर मृतक को सम्मानपूर्वक अपने परिजनों को सुपुर्द कर निःशुल्क उनके निवास स्थल तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रारंभ हुई है। इस हेतु टोल-फ्री नम्बर 155-334 जारी किया गया है। जिस पर कॉल कर के वाहन बुलवाया जा सकता है।

## सहायक प्राध्यापक पदों के लिए प्रशिक्षण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर में सहायक प्राध्यापकों और खाद्य सुरक्षा अधिकारी के रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न विषयों के इंटरव्यू हेतु प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिदिन 100 से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुये एवं योग्य एवं अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिये गये प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त किया गया।

## नरवाई जलाने पर प्रतिबंध 5 हजार रुपये तक का जुर्माना

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** फसल अवशेष (नरवाई) जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। नरवाई जलाते पाये जाने पर 15 हजार रुपये तक का अर्थदण्ड लगाया जाएगा। नरवाई प्रबंधन के बारे में जनजागरण के लिए गाँव-गाँव तक रथ पहुँचेगा। इस रथ को अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार ने झण्डी दिखाकर रवाना किया। कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश दिए कि प्रतिबंधात्मक आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए।

# रायपुरिया स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण अधिकारियों ने जांची शैक्षणिक व्यवस्थाएं



**धार ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शैक्षणिक सत्र के आरंभ होते ही शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों ने मैदानी स्तर पर व्यवस्थाओं का जायजा लेना शुरू कर दिया है। इसी क्रम मे 2 अप्रैल को शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय, रायपुरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया,निरीक्षण दल में मुख्य रूप से भोपाल से पधारे ओ.आई.सी. जितेंद्र ठेकेदार, जिला परियोजना समन्वयक प्रदीप खरे एवं बी.आर.सी. तिरला मुकेश कुमार सक्सेना शामिल थे। विद्यालय आगमन पर शाला स्टाफ द्वारा पुष्पहार भेंट कर सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शाला में संचालित हो रही विभिन्न गतिविधियों की सघन जांच की, शाला प्रवेश उत्सव, नवीन सत्र में बच्चों के उत्साह और स्वागत की तैयारियों को देखा गया साथ ही स्कूल चले हम अभियान के तहत हुए नए नामांकनों की स्थिति जानी,पाठ्य पुस्तक वितरण, छात्रों को समय पर किताबें प्राप्त हुई हैं या नहीं, इसकी पुष्टि की गई, एसएमसी बैठक शाला प्रबंधन समिति की सक्रियता और आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई,स्वच्छता एवं अन्य विद्यालय परिसर की साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया, निरीक्षण के पश्चात अधिकारियों ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और शालेय संचालन पर संतोष व्यक्त किया, मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा केंद्र धार के ए.पी.सी., अशोक दामकीज ,इंजीनियर दिलीप साधो, संकुल के जनशिक्षक संजय शेखावत एवं राधेश्याम मौर्य सहित शाला का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# तीन इमली ब्रिज के नीचे खाली पड़े बोगदे में बनेगा निगम का नया जीरो वेस्ट कचरा स्टेशन

### साथ में ग्रीनरी और खूबसूरती के लिए बगीचा भी बनाएगा निगम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



तीन इमली ब्रिज के नीचे लंबे समय से खाली पड़े बोगदे के नीचे निगम क्षेत्र का जीरो वेस्ट कचरा ट्रांसफर का नया आधुनिक स्टेशन बनवा रहा है। जहां वार्ड 64 के संपूर्ण क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाली गाड़ियों से घरों से इकट्ठा किए जाने वाले गीले-सूखे कचरे के साथ सभी तरह के कचरे की सेनिग्रेशन कर छंटाई की जाएगी। साथ ही इस पूरे काम में जीरो वेस्ट की प्रणाली पर निगम की एनजीओ टीम और निगम स्वच्छता की टीम द्वारा कचरे की छंटवाई कर कचरे को अलग-अलग छांटने का काम किया जाएगा।

### जीरो वेस्ट पर काम के साथ शानदार बगीचा भी हो रहा तैयार

यही नहीं साथ ही तीन इमली ब्रिज के खाली पड़े बोगदे के सर्विस रोड़ वाले आसपास के बड़े हिस्से में शानदार बगीचा भी बनाया जा रहा है। वहीं नवीन कचरा स्टेशन पर जीरो वेस्ट सेनीग्रेशन कचरा पूरी तरह से अलग करने के काम के साथ इस स्टेशन पर वार्ड 64 की डोर टू डोर कलेक्शन वाली सभी गाडियों के कचरे को इस नए स्टेशन में खाली कर यहां एनजीओ और निगम की टीम द्वारा सवच्छता टीम के वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में जीरो वेस्ट पर छंटाई का काम किया जाएगा। इसके बाद ही इसे ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित मुख्य स्टेशन भेजा जाएगा। साथ ही इस नए स्टेशन पर क्षेत्र की गाड़ियां भी आसानी से खड़ी रह सकेंगी। इनके लिए पार्किंग की व्यवस्था भी रहेंगी। नवीन जीरो वेस्ट स्टेशन की खूबसूरती बढ़ाने के लिए सर्विस रोड़ की ओर तैयार किए जा रहे नए बगीचे में हरियाली और सुंदरता के लिए बड़े हिस्से में एक से बढ़कर एक पेड़ - पौधे भी लगाए जाएंगे।

## भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी में रेव सिंह और गायत्री पुरोहित





**धार ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने प्रदेश भाजपा संगठन की स्वीकृति देकर कार्यकारिणी घोषित की। 56 सदस्य वाली इस कार्यकारिणी में धार जिला पंचायत सदस्य गायत्री पुरोहित को युवती नेतृत्व प्रभारी और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के दमदार नेता रेव सिंह भाभर को जनजातीय प्रभारी का दायित्व देकर प्रदेश पदाधिकारी बनाया गया है। कई नेताओं ने बधाई दी। वहीं उपाध्यक्ष पद पर जयसूर्या को बनाया गया है। सोशल मीडिया विभाग ने भी प्रदेश स्तर की भारी भरकम टीम घोषित की इसमें धार के भाजपा नेताओं को जगह नहीं मिली। यही स्थिति युवा मोर्चा और सोशल मीडिया में खरगोन की भी रही। खरगोन के किसी नेता को दोनों जगह जगह नहीं मिली है।

# होटल मैनेजमेंट में सीधे एडमिशन की सुविधा



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग के अंतर्गत संचालित एवं नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एण्ड कैटरिंग टेक्नोलॉजी (एनसीएचएमसीटी) नोएडा से मान्यता प्राप्त स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (एसआईएचएम) इंदौर होटल उद्योग में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए एक प्रमुख संस्थान के रूप में उभर रहा है। राऊ स्थित यह संस्थान जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम प्रदान करता है। साथ ही इंदौर सबसे स्वच्छ शहर होने के साथ यहाँ सौम्य जलवायु, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, उत्कृष्ट कनेक्टिविटी, आईआईटी–आईआईएम जैसे शीर्ष स्तरीय शैक्षणिक केंद्र होने के कारण विद्यार्थियों की पहली पसंद बना हुआ है। उज्जैन–ओंकारेश्वर की निकटता और व्यावसायिक गतिशीलता भी इंदौर शहर की प्रमुख विशेषता है। यह जानकारी देते हुए स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट इंदौर के प्राचार्य डॉ. बी.के. सिंह ने बताया कि एसआईएचएम (राऊ) इन्दौर में पाठ्यक्रम राऊ में स्थित एस.आई.एच.एम. इन्दौर में जवाहरलाल नेहरू वि.वि. द्वारा मान्यता प्राप्त प्रमुख कोर्स, बी.एस.सी. हॉस्पिटैलिटी और होटल एडमिनिस्ट्रेशन (3 वर्ष) हेतु नामांकन करा सकते हैं। इसके अलावा, 18 महीने का डिप्लोमा कार्यक्रम विभिन्न ट्रेड्स में और 10वीं पासआउट के लिए 6 महीने का सर्विस एवं 1/2 वर्षीय क्राफ्ट्समेंशिप सर्टिफिकेट कोर्स इन फूड प्रोडक्शन पाठ्यक्रम भी प्रदान करते हैं। उक्त संस्थान के नये सत्र में प्रवेश हेतु प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

## संपादकीय

# 'पाषाण युग' की धमकी के बीच जलता विश्व, जंग से ज्यादा खतरनाक होती बयानबाजी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को शायद इन बातों को गंभीरता से लेने की जरूरत महसूस नहीं होती। यह बेवजह नहीं है कि आए दिन वे कोई न कोई ऐसी टिप्पणी कर देते हैं, जिससे स्थितियां ज्यादा जटिल हो जाती हैं। ईरान के खिलाफ इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद दुनिया भर में इस बात को लेकर चिंता जताई जा रही है कि अगर युद्ध और लंबा खिंचा तो इसके असर से बहुत सारे देशों में बहुस्तरीय संकट पैदा होंगे। युद्ध शुरू होने के करीब एक महीने के बाद यह साफ देखा जा सकता है कि कई देशों में तेल और गैस का व्यापक संकट खड़ा हो गया है और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। युद्ध में शामिल देशों के शीर्ष नेतृत्व से यह उम्मीद की जाती है कि वे संयम और धीरज के साथ घटनाओं और परिस्थितियों पर परिपक्व टिप्पणी करें, ताकि तनाव को कम करने में मदद मिले और युद्ध को खत्म करने का कोई रास्ता निकले। मगर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को शायद इन बातों को गंभीरता से लेने की जरूरत महसूस नहीं होती। यह बेवजह नहीं है कि आए दिन वे कोई न कोई ऐसी टिप्पणी कर देते हैं, जिससे स्थितियां ज्यादा जटिल हो जाती हैं। गौरतलब है कि गुरुवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका आने वाले दो-तीन हफ्तों में ईरान पर बड़ा हमला करने जा रहा है और हम उन्हें पाषाण युग में पहुंचा देंगे। यह कोई पहला मौका नहीं है, जब ट्रंप ने कोई ऐसा बयान दिया है, जिससे युद्ध खत्म होने की कोई राह निकलने के बजाय स्थिति और बिगड़ने की ही भूमिका बनी। इससे पहले भी वे अपने गैरजरूरी बयानों के जरिए तनाव और टकराव को ज्यादा तीखा बनाने की कोशिश कर चुके हैं। सवाल है कि उन्हें ऐसा क्यों लगता है कि अमेरिका के राष्ट्रपति होने के नाते कही गई उनकी बातों से केवल डर और समर्पण ही पैदा होगा।

# डंडा मारकर बाइक से गिराया, फिर पिटाई कर लूटा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** इंदौर-महू मार्ग पर स्थित पिगडंबर इलाके में बीती रात बेखौफ बदमाशों ने राहगीर को निशाना बनाया। बदमाशों ने एक युवक पर डंडों से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया और उसका मोबाइल व पर्स लूटकर फरार हो गए। घायल युवक मारपीट के बाद काफी देर तक बेसुध हालत में सड़क किनारे पड़ा रहा, जिसे बाद में राहगीरों ने अस्पताल पहुँचाया।

जानकारी के अनुसार, फरियादी संजय पिता अशोक (38), निवासी बालदा कॉलोनी, बीती रात महू स्थित अपनी मौसी के घर से वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह किशनगंज थाना क्षेत्र के पिगडंबर के समीप पहुँचे, वहाँ सड़क किनारे पहले से घात लगाकर खड़े अज्ञात बदमाशों ने अचानक उन पर डंडों से हमला बोल दिया। हमला इतना अचानक और जोरदार था कि संजय वाहन से असंतुलित होकर नीचे गिर पड़े। गिरते ही बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और जमकर मारपीट की। हमलावरों ने संजय का मोबाइल फोन और नकदी से भरा पर्स छीन लिया। बदमाशों की बेरहमी से की गई पिटाई के कारण संजय मौके पर ही बेहोश हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले। काफी देर बाद वहां से गुजर रहे कुछ राहगीरों की नजर सड़क किनारे बेसुध पड़े संजय पर पड़ी।

उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी और एम्बुलेंस की मदद से घायल को अस्पताल भिजवाया। संजय के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं, फिलहाल उनका उपचार जारी है। किशनगंज पुलिस ने मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट और मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अब घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है और क्षेत्र के पुराने अपराधियों की गतिविधियों की जानकारी जुटा रही है।

# हनीट्रैप गिरोह का आतंक, फार्म हाउस बना ब्लैकमेलिंग का अड्डा, नए पीड़ित आए सामने

**इंदौर।** बड़गोंदा इलाके मेसक्रिय एक शातिर हनीट्रैप गिरोह का पर्दाफाश होने के बाद अब ठगी के शिकार कई नए फरियादी पुलिस के पास पहुँच रहे हैं। अश्लील वीडियो और फोटो के जरिए ब्लैकमेल कर लाखों रुपए ऐंठने वाले इस गिरोह ने शहर के बाहरी इलाकों में स्थित फार्म हाउसों को अपना ठिकाना बना रखा था। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि गिरोह के सदस्य रेंडम मोबाइल नंबरों पर कॉल कर लोगों को प्रेमजाल में फंसाते थे। शिकार के तैयार होते ही उसे शहर के चुनिंदा फार्म हाउस या रिजॉर्ट पर बुलाया जाता, जहाँ पहले से मौजूद गिरोह के अन्य सदस्य अश्लील कंटेंट बनाकर ब्लैकमेलिंग शुरू कर देते थे। बड़गोंदा पुलिस द्वारा एक व्यक्ति की शिकायत पर की गई कार्रवाई के बाद अब लसूड़िया और तिलक नगर क्षेत्र के पीड़ित भी सामने आए हैं। एक युवक ने बताया कि उसे थाने के बाहर बुलाकर लाखों रुपए वसूले गए, लेकिन सामाजिक प्रतिष्ठा के डर से उसने अब तक चुप्पी साधे रखी थी।

# शराब दुकान कर्मचारी ने युवक को डंडे से पीटा

## शराब के नोट को लेकर शुरू हुआ था झगड़ा

**इन्दौर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र स्थित अहिरखेड़ी शराब दुकान पर मामूली लेनदेन को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि दुकान कर्मचारी ने एक युवक पर डंडे से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। विवाद 100 और 200 रुपये के नोट की गफलत को लेकर शुरू हुआ था, जो गाली-गलौज और मारपीट तक पहुँच गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी कर्मचारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी केशरसिंह पिता बाडिया सोलंकी निवासी अहिरखेड़ी मल्टी ने शिकायत दर्ज कराई है। केशरसिंह ने बताया कि वह और उनका भतीजा दीपक सोलंकी घर पर शराब पीने के बाद दोबारा शराब लेने के लिए अहिरखेड़ी स्थित शराब दुकान पर पहुँचे थे। केशरसिंह का दावा है कि उन्होंने शराब खरीदने के लिए सेल्समैन को 200 रुपये का नोट दिया था, लेकिन कर्मचारी अड़ गया कि उसे केवल 100 रुपये का नोट मिला है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते शराब दुकान कर्मचारी आपा खो बैठा और गालियां देने लगा। जब केशरसिंह और उनके भतीजे दीपक ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने वहीं पास पड़ा लकड़ी का भारी डंडा उठाया और दीपक सोलंकी पर जोरदार वार कर दिया। हमले में दीपक को गंभीर चोटें आई हैं और वह घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद पीड़ित राजेंद्र नगर थाने पहुँचे। पुलिस ने फरियादी केशरसिंह की रिपोर्ट पर अज्ञात शराब दुकान कर्मचारी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

# इंस्टामार्ट के बाहर डिलीवरी बॉय की पिटाई

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में बीती रात नशे की हालत में एक युवक ने जमकर उत्पात मचाया। भमोरी स्थित इंस्टामार्ट स्टोर के बाहर ऑर्डर का इंतजार कर रहे एक युवक के साथ आरोपी ने न केवल अश्लील गाली-गलौज की, बल्कि विरोध करने पर लात-घूंसों से उसकी पिटाई भी कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर नामजद आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, फरियादी संजीव सिंह लोधी मूल निवासी शिवपुरी, हाल मुकाम नंदानगर ने शिकायत दर्ज कराई है। संजीव ने बताया कि वह रात करीब 1:00 बजे भमोरी स्थित इंस्टामार्ट स्टोर के बाहर अपने ऑर्डर के लिए खड़ा था। इसी दौरान वहां राहुल कोष्ठी नामक युवक नशे की हालत में पहुँचा। आरोपी राहुल, संजीव से अपना वाटसअप अपडेट करने की जिद करने लगा। जब संजीव ने रात के समय अनजान व्यक्ति का काम करने से मना किया, तो राहुल आपा खो बैठा। उसने संजीव को गालियां देना शुरू कर दिया। शोर सुनकर वहां काम करने वाले अन्य कर्मचारी तुषार ठाकुर, नकुल पाल और दीपक गार्गे भी बाहर आ गए। आरोपी ने उन्हें भी नहीं बख्शा और सबके साथ अभद्रता की। जब सभी ने मिलकर उसे गाली देने से मना किया, तो राहुल ने संजीव के साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी।

# बड़ी खबर : सोना-चांदी और प्लैटिनम ज्वेलरी के आयात पर लगी रोक, नोटिफिकेशन जारी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** भारत सरकार ने देश के रत्न एवं आभूषण क्षेत्र में एक बड़ा नीतिगत बदलाव करते हुए सोना, चांदी और प्लैटिनम से बने आभूषणों के आयात पर तत्काल प्रभाव से कड़े प्रतिबंध लागू कर दिए हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा जारी ताजा अधिसूचना के अनुसार, इन कीमती धातुओं के आभूषणों की आयात नीति को 'मुक्त' श्रेणी से हटाकर अब 'प्रतिबंधित' श्रेणी में डाल दिया गया है।

**क्या है इस बदलाव का मतलब?-** इस नए नियम का सीधा अर्थ यह है कि अब कोई भी व्यापारी या कंपनी बिना सरकारी अनुमति के विदेश से सोने, चांदी या प्लैटिनम के आभूषण नहीं मंगा सकेगी। अब इन वस्तुओं के आयात के लिए डीजीएफटी से विशेष लाइसेंस या पूर्व-अनुमति लेना अनिवार्य होगा। यह प्रतिबंध इतना सख्त है कि सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि किसी व्यापारी ने पहले से कोई सौदा (कॉन्ट्रैक्ट) किया हुआ है या एडवांस पेमेंट भी कर दी है, तो भी उन्हें नए नियमों का पालन करना होगा और लाइसेंस लेना होगा।

**क्यों लिया गया यह फैसला?-** सरकार के इस कदम के पीछे मुख्य कारण 'मुक्त व्यापार समझौतों' का कथित दुरुपयोग रोकना है। उद्योग सूत्रों के अनुसार, कुछ आयातक भारत और आसियान देशों के बीच हुए समझौते का गलत फायदा उठा रहे थे। वे थाईलैंड और इंडोनेशिया जैसे देशों से बिना किसी रत्न वाले साधारण आभूषणों के नाम पर भारी मात्रा में कीमती धातुएं कम शुल्क पर भारत ला रहे थे। इससे न केवल सरकारी राजस्व का नुकसान हो रहा था, बल्कि घरेलू आभूषण निर्माताओं को भी असमान प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा था।

**किसे मिलेगी छूट?-** हालांकि, सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने वाली इकाइयों का ध्यान रखा है। 100 प्रतिशत निर्यात-उन्मुख इकाइयों और विशेष आर्थिक क्षेत्रों में स्थित कंपनियों को इस प्रतिबंध से बाहर रखा गया है। इसके अलावा, जो आयात 'रत्न एवं आभूषण निर्यात योजनाओं' के तहत किए जाते हैं, उन पर भी यह पाबंदी लागू नहीं होगी।

**उद्योग की प्रतिक्रिया-** बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से घरेलू स्तर पर सोने-चांदी की कीमतों में थोड़ी हलचल देखने को मिल सकती है, लेकिन लंबे समय में यह भारतीय ज्वैलरी उद्योग के लिए फायदेमंद होगा। उद्योग जगत के अधिकारियों का कहना है कि सरकार को अब लाइसेंस देने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना चाहिए ताकि वास्तविक और ईमानदार कारोबारियों को अपना काम करने में कोई परेशानी न हो।

**निर्मल वर्मा घुँघरू**
**उपाध्यक्ष**
**मध्यप्रदेश सराफा एसोसिएशन**

# खटीक समाज का आज परिचय सम्मेलन और सम्मान आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आदर्श क्षत्रिय खटीक समाज ने आज दोपहर 2 से 6 तक स्कीम नंबर 140 अग्रवाल पब्लिक स्कूल के पीछे आर ई 2 रोड पर परिचय सम्मेलन और सम्मान का आयोजन आयोजित किया है। सुरेश चावला, अमित चंदेल ने बताया कि अतिथि केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार खटीक होंगे। इन्दौर से जुडे जनप्रतिनिधि और राजनेता भी मौजूद रहेंगे।

# सिंगर को मिलेगा सुर सम्राट रत्न अलंकरण सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गायक श्रीकांत अन्वेकर, जगदीश वर्मा, दिनेश वर्मा को आगामी 19 अप्रैल को हिंदी साहित्य समिति में इंदौर सुर सम्राट रत्न अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। जितेन्द्र शिवहरे ने उक्त जानकारी दी।



# पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड पाठ एवं प्रसादी भी हुई



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि कल पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंदौर स्थित प्राचीन राम मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा इस पावन पर्व के अवसर पर रामायण पाठ, सुंदरकांड, यज्ञ-हवन, हनुमान चालीसा एवं पूजा का आयोजन कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सह परिवार कार्यक्रम में शामिल होकर यज्ञ में आहुतियां दी गई। नव आर. प्रशिक्षुओं एवं पीटीसी स्टाफ ने धार्मिक कार्यक्रम में उपस्थित होकर भोजन प्रसादी ग्रहण की गई।

# फिलहाल विंडो मिलने पर ही टीमों के बढ़ाने पर विचार किया जाएगा : धूमल

## तब 74 की जगह 94 दिन का होगा आईपीएल

**नई दिल्ली।** आईपीएल का क्रेज किसी से छिपा नहीं है। 19 साल पहले शुरू हुआ यह टूर्नामेंट में दूसरा सबसे ज़्यादा देखा जाने वाला खेल टूर्नामेंट बन गया है। आईपीएल की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच खेला गया मैच जियो हाटस्टार पर 426 मिलियन से ज़्यादा बार देखा गया। बीसीसीआई के लिए यह टूर्नामेंट कमाई का सबसे बड़ा जरिया है और अब बोर्ड एक बार फिर इसके विस्तार के बारे में सोच रहा है।

विस्तार का यह विचार कोई नया नहीं है। इसे आईपीएल के मौजूदा मीडिया राइट्स साइकिल में ही शामिल कर लिया गया था। जब बीसीसीआई ने लीग के ब्रॉडकास्टिंग राइट्स 48,390 करोड़ रुपए में बेचे थे, तो योजना यह थी कि धीरे-धीरे मैचों की संख्या बढ़ाई जाएगी। रोडमैप के मुताबिक 2023 और 2024 में 74 मैच, 2025 और 2026 में 84 मैच, और आखिर में 2027 तक 94 मैच खेले जाने थे। लेकिन इस योजना पर फिलहाल रोक लग गई है। आईपीएल 2026 में भी 74 मैच ही खेले जाएंगे। इसके पीछे की वजह आईसीसी का मौजूदा फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम (एफटीपी), जो अप्रैल 2027 तक चलेगा, उसमें मैचों के बीच बहुत कम खाली समय मिलता है।

आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने आईपीएल के विस्तार पर बात करते हुए कहा, आईपीएल को 74 से 94 मैचों तक ले जाने के लिए हमें सच में एक बड़ी विंडो की जरूरत है। ज़्यादातर इंटरनेशनल कैलेंडर पहले से ही बुक है। मार्च के बीच से मई के आखिर तक का समय ही हमारे पास सीमित विंडो के तौर पर उपलब्ध है।

उन्होंने आगे कहा, जैसे ही जून शुरू होता है, भारत के दक्षिणी हिस्से में मॉनसून आ जाता है, इसलिए उस समय आप टूर्नामेंट को आगे नहीं बढ़ा सकते। अगर हम मौजूदा विंडो में ही 74 से 94 मैच करवाने की कोशिश करेंगे तो हमें अधिक डबल-हेडर करवाने पड़ेंगे। जो कि ब्रॉडकास्टर के लिए सही नहीं है। हमें उनके हितों का भी ध्यान रखना होगा। इसीलिए हमने खुद को 74 मैचों तक ही सीमित रखा है।

इससे भी ज़्यादा दिलचस्प सवाल यह है कि क्या आईपीएल में सिर्फ मैचों की संख्या ही बढ़ेगी, या टीमों की संख्या भी? क्या आईपीएल 10 फ्रैंचाइज़ी से आगे बढ़ पाएगा? धूमल ने इस बात से इनकार नहीं किया है। लेकिन उन्होंने यह साफ किया कि टीमों की संख्या बढ़ाने का फैसला, टूर्नामेंट की क्वालिटी या व्यावहारिकता से कोई समझौता करके नहीं लिया जाएगा।

धूमल ने कहा, यह इस बात पर निर्भर करता है कि इसके लिए कितना समय मिलता है। निवेशकों की इसमें बहुत दिलचस्पी है क्योंकि आईपीएल ने निवेश पर जिस तरह का रिटर्न दिया है, वह असाधारण है। लेकिन ऐसा तब तक नहीं हो सकता, जब तक हमें इसके लिए ज़्यादा समय न मिले। बड़ी तस्वीर यह है कि कितने द्विपक्षीय मैच होंगे, इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के कितने इवेंट होंगे और इन लीग्स के लिए कितना समय उपलब्ध होगा। यह सिर्फ आईपीएल की बात नहीं है। अगर इन लीग्स को नियमित रूप से आयोजित किया जाना है, तो क्रिकेट के लिए यही नई व्यवस्था होगी: कम द्विपक्षीय मैच, ज़्यादा लीग क्रिकेट, और इनके बीच में आईसीसी के इवेंट—कुछ-कुछ फुटबॉल की तरह।

## विद्युत लाइन परिचारक अब 62 वर्ष में रिटायर होंगे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कंपनी कैडर के लाइन परिचारक को 55 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त करने का नियम बना रखा था, जबकि अन्य श्रेणी के कर्मी 62 वर्ष की अधिवार्षिकी आयु के बाद सेवानिवृत्त हो रहे है। इस विसंगती को मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन जबलपुर के महामंत्री की जानकारी में लाये जाने पर उनके व्दारा पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध निदेशक के माध्यम से सकारात्मक टीप सहित प्रकरण ऊर्जावान ऊर्जामंत्री को प्रेषित किया गया। फेडरेशन के महामंत्री की कर्मचारी हितैषी सोच पर गंभीरतापूर्वक विचारकर प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी। अब कंपनी कैडर के लाइन परिचारक भी 62 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद ही सेवानिवृत्त होंगे। फेडरेशन के राकेश पाठक ने भी लाईन परिचारकों की भी सेवानिवृत्त आयु 62 वर्ष होने पर खुशी जाहिर की है।

## सदस्यों के सम्मान के बाद गीतों की प्रस्तुति



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आनंदवन-2, स्कीम 140 स्थित सदाबहार ग्रुप द्वारा मार्च माह में जन्मे सदस्यों को बधाई देने के साथ गीतों एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई। के.के. अरोरा, श्रीकांत मराठे, तारकेश्वर सिंह, डॉ. सुभाषचंद्र तिवारी, आई.एस. तोमर,मालती सिंह, आशा-विनोद खंडेलवाल, उमा-महेश शर्मा, सुनीता-नितिन दुबे, ममता-मुकेश गंगराड़े, रजनी-केशव गुप्ता, संगीता-विजय खंडेलवाल, निशा-ब्रिगेडियर सिंह, डॉ. विश्वकर्मा, प्रफुल्ल भार्गव, मुकेश खंडेलवाल, शकुंतला तिवारी, रमाकांत केलकर, प्रवीण भागवत उपस्थित थे।

## एलएसजीसीए की रोमांचक जीत



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

आईडीसीए के तत्वावधान में एमवायसीसी द्वारा आयोजित एमवायसीसी ए ग्रेड स्पर्धा के अंतर्गत देव्ज एकेडमी एवं एलएसजीसीए के मध्य मैच खेला गया जिसमें एलएसीसीए ने पहले खेलते हुए 44 ओवरो में 194 रन बनाये। अथर्व नायडू ने 5 विकेट लिये। जवाब में देव्ज एकेडमी की टीम 165 रनों पर सिमट गई और यह मैच 29 रनों से हार गई। अथर्व नायडू ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए 88 रन बनाये। रवि मण्डलोई ने 5 विकेट लिए।

## राउ क्रिकेट क्लब की आकर्षक जीत



इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच राउ क्रिकेट क्लब एवं महू स्पोर्ट्स के मध्य खेला गया जिसमे राउ क्लब ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 6 विकेट खोकर 310 रनों का स्कोर खडा किया। रोहित जाटव ने शानदार शतक 108 रन एवं सुरज यादव ने 80 रन बनाये। जवाब में महू स्पोर्ट्स की टीम 47 ओवरो में 264 रनों पर सिमट गई और यह मैच 46 रनों के अंतर से हार गई। दीपाशु राजपुत ने 58 रन बनाये। शुभम गुंजाल ने 4 विकेट लिये ।



## नायर क्रिकेट एकेडमी की शानदार जीत

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में एनसीए द्वारा आयोजित एनसीए अंडर-18 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एनसीए एवं एसएस कम्यून के मध्य मैच खेला गया जिसमें एसएस कम्यून ने पहले खेलते हुए 24 ओवरो में 76 रनों पर अपने सभी विकेट खो दिये । अर्नव पुंदिर ने 4 विकेट व देव ने 3 विकेट लिये । जवाब में एनसीए की टीम ने 20 ओवरो में 3 विकेट चोाकर 79 रन बनाकर यह मैच 7 विकेट से जीत लिया।

# प्रयाग, शिवराज, सान्वी व सारा खिताबी मुकाबले में

## इंदौर ओपन एशियन जूनियर अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट

**इंदौर।** म.प्र. टेनिस संघ के तत्वावधान में आयोजित इंदौर ओपन एशियन जूनियर अंडर-14 के बालक एकल में गैर वरीयता प्रयाग पटेल व चौथी वरीयता प्राप्त एस. शिवराज तथा बालिका वर्ग में गैर वरीयता प्राप्त सान्वी मोहन व छठीं वरीयता सारा फेंगसे ने धमाकेदार अंदाज में खेलते हुए उलटफेर करते हुए फाइनल में जगह बनाई।

इंदौर टेनिस क्लब में खेली जा रही इस प्रतिष्ठित इंदौर ओपन जूनियर अंडर-14 क्रिकेट स्पर्धा में बालक एकल के सेमीफाइनल मुकाबले में गैर वरीयता प्राप्त प्रयाग पटेल ने शीर्ष वरीयता प्राप्त देवांश कंबोज को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से पराजित कर टाइटल मुकाबले में जगह बनाई। दोनों ही सेट में प्रयाग का खेल लाजवाब था, उन्होंने शीर्ष वरीयता के खिलाफ बिना दबाव के खेलते हुए अपनी लय बरकरार रखी। पहले सेट में उन्होंने उम्दा ग्राउंड स्ट्रोक और सर्विस की बदौलत 1-0 की बढ़त हासिल की। दूसरे सेट में देवांश ने वापसी की कोशिश जरूर की, लेकिन प्रयाग ने उनकी सर्विस तोड़ते हुए उन्हें बढ़त हासिल नहीं करने दी और खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया। दूसरे सेमीफाइनल में भारत के चौथी वरीयता प्राप्त एस. शिवराज ने दूसरी वरीयता प्राप्त मानव पटेल को तीन सेटों के संघर्ष 6-1, 2-6, 7-5 से मात देकर स्पर्धा का दूसरा बड़ा उलटफेर कर फाइनल में जगह बनाई। शिवराज ने पहले सेट में आसानी से जीत हासिल की, लेकिन दूसरे सेट में लय बरकरार नहीं रख सके और हार गए। एक-एक गेम जीतकर दोनों खिलाड़ियों के पास बराबरी का मौका था, लेकिन तीसरे सेट में शिवराज ने अपना उम्दा खेल दिखाते हुए सेट और मैच अपने नाम कर फाइनल में दस्तक दी।

बालिका एकल के पहले सेमीफाइनल में गैर वरीयता प्राप्त सान्वी मोहन ने बड़ा उलटफेर करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त पी. वट्टाप्रम्बिल को को तीन सेटों के संघर्षपूर्ण मैराथन मुकाबले में 6-4, 4-6, 6-2 से हराकर फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया। पहले सेट में सान्वी ने दमदार खेल से शीर्ष वरीयता प्राप्त वट्टाप्रम्बिल को चौकाया और 1-0 की बढ़त हासिल की। वहीं दूसरे सेट में वट्टाप्रम्बिल ने जोरदार वापसी की और मैच 1-1 की बराबरी पर ला दिया। लेकिन तीसरे सेट में एक बार फिर सान्वी ने अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज की और उम्दा सर्विस और फोरहैंड शॉट खेलते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाते हुए फाइनल में प्रवेश किया। जहां उनका मुकाबला छठीं वरीयता प्राप्त सारा फेंगसे से होगा। सारा ने भी उलटफेर करते हुए चौथी वरीयता प्राप्त संरचना दास को सीधे सेटों में 6-2, 6-0 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई।

### फाइनल मुकाबले आज

स्पर्धा निदेशक परीक्षित शर्मा ने बताया कि टूर्नामेंट के एकल व युगल के फाइनल मुकाबले आज दोपहर 3 बजे से खेले जाएंगे। फाइनल के बाद पुरस्कार वितरण आईजी बीएसएफ टीपीएस सिद्धू के मुख्य आतिथ्य में होगा।

## इस खिलाड़ी के सिर आई ऑरेंज कैप

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स वर्सेस सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल 2026 के 6ठे मुकाबले के बाद ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की रेस में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। 19वें सीजन में बैक टू बैक दूसरा अर्धशतक जड़ने वाले केकेआर के अंगक्रिश रघुवंशी के सिर ऑरेंज कैप सज चुकी है। हालांकि उनकी टीम को टूर्नामेंट में लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। कोलकाता आईपीएल 2026 में अपनी पहली जीत को तरस गई है। वहीं ईशान किशन एक बार फिर दूसरे पायदान पर रहे। पर्पल कैप की बात करें तो सनराइजर्स हैदराबाद के जयदेव उनादकट ने कब्जा जमाया है। वहीं केकेआर से ब्लेसिंग मुजाराबानी ने लंबी छलांग लगाई है।

मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल 2026 के अपने पहले मुकाबले में 51 रनों की पारी खेलने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के 21 साल के युवा बल्लेबाज अंगक्रिश रघुवंशी ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ भी दमखम दिखाया। उन्होंने टूर्नामेंट में बैक टू बैक दूसरा अर्धशतक ठोकते हुए इस बार 29 गेंदों पर 6 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 52 रन बनाए। अब उनके नाम 2 मैचों में सबसे अधिक 103 रन हो गए हैं, जो उन्होंने 51.50 की औसत और 177.59 के स्ट्राइक रेट से बनाए हैं।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मार्कशीट में मेरा नाम **योगेश कुमार वर्मा** दर्ज है, जबकि सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में **योगेश लोहार** है। अतः भविष्य में मेरा नाम दोनों दस्तावेज के आधार पर समान रूप से मान्य किया जावे।

**योगेश लोहार**
**278 सिल्वर स्टार सिटी**
**सिलीकान सिटी राऊ इन्दौर**

# अभी हमें और सुधार करना होगा एसआरएच की जीत के बाद भी कप्तान ईशान खुश नहीं

**कोलकाता।** आईपीएल 2026 का छठा मैच सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच बीती रात खेला गया। ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मुकाबले में हैदराबाद को मिली शानदार जीत के बावजूद टीम के कप्तान ईशान किशन अपने खेलने के तरीके से निराश नजर आए। उन्होंने कहा कि मैं अपने खेलने के तरीके से खुश नहीं हूं। हालांकि, कोलकाता के खिलाफ मिली शानदार जीत के बाद ईशान ने टीम के प्रदर्शन पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने साफ किया कि ये जीत किसी एक खिलाड़ी की नहीं, बल्कि पूरी टीम की एकजुटता और समर्पण का परिणाम है।

## सनराइजर्स हैदराबाद की जीत के बावजूद निराश हैं किशन

सनराइजर्स हैदराबाद के नियमित कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी कर रहे ईशान किशन ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 9 गेंदों पर 14 रन बनाए। उन्होंने कहा, 'मैं अपने खेलने के तरीके से खुश नहीं हूं, लेकिन टीम की समर्पण से बेहद खुश हूं। सभी खिलाड़ियों ने वही ऊर्जा दिखाई, जिसकी मैंने उनसे उम्मीद की थी। मुश्किल पिच होने के बावजूद हेड और अभिषेक ने शानदार बल्लेबाजी की। हमारे लिए पावरप्ले ने मैच को आसान बना दिया, क्योंकि हर बल्लेबाज को समय मिला।'



## हर्ष दुबे-शिवांग कुमार की ईशान किशन ने की तारीफ

ईशान किशन ने बाएं हाथ के युवा स्पिनर हर्ष दुबे और शिवांग कुमार की जमकर तारीफ की, जिन्होंने दूसरे ओवर में ही खतरनाक फिन ऐलन को आउट किया था। उन्होंने कहा, ये टीम प्रयास था। हम जानते हैं कि फिन खतरनाक हैं, लेकिन हर्ष ने शानदार गेंद डाली और हमें वो विकेट मिला। हर्ष दुबे घरेलू क्रिकेट में अच्छा कर रहे हैं और दबाव में शांत रहते हैं। शिवांग कुमार के बारे में भी कहना चाहूंगा, छोटा मैदान होने के बावजूद उन्होंने मेहनत का फल पाया।' किशन ने पिच को लेकर कहा कि ईमानदारी से कहूं तो विकेट उतना आसान नहीं था, जितना स्कोर कार्ड से लग रहा था। उन्होंने विशेष रूप से ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की सराहना की, जिन्होंने पावरप्ले में विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 82 रन जोड़े थे।

## श्रीराम स्पोर्ट्स की शानदार जीत

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में इंदौर कोल्ट्स द्वारा आयोजित स्व. परमदीप सिंह पठानिया स्मृति अंडर-14 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत आज देव्ज एकेडमी एवं श्रीराम स्पोर्ट्स के मध्य खेले गये मैच में देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए 23 ओवरो में मात्र 39 रन बनाकर अपने सभी विकेट खो दिये। अविनिश पाटीदार ने घातक गेंदबाजी करते हुए 9 रन देकर 6 विकेट एवं इजान खान ने 4 विकेट लिये । जवाब में श्रीराम स्पोटस ने10 ओवरो में 4 विकेट खोकर 40 रन बना लिये और यह मैच 6 विकेट से जीत लिया। इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच आयसीसी व जय गिरनारी क्लब के मध्य खेला गया जिसमें जय गिरनारी ने पहले खेलते हुए 47 ओवरो में 199 रन बनाए । वीर प्रताप सिंह ने 54 रन बनाये। वंश चौधरी ने 5 विकेट एवं बिट्टू वसूनिया ने 3 विकेट लिये । जवाब में आयसीसी की टीम 31 ओवरो में 91 रनों पर सिमट गई और यह मैच 108 रनों से हार गई । रोहिल भाबर ने 4 विकेट लिये।



# एक गलती केकेआर को भारी पड़ी, नाराज दिखे रिंकू सिंह

**कोलकाता।** कोलकाता के ईडन गार्डन्स में गुरुवार को खेले गए मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 65 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। 227 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर की टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। मैच का सबसे चर्चा का विषय वह पल रहा जब सेट बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी के रन-आउट होने पर रिंकू सिंह बीच मैदान पर अपना आपा खो बैठे और उन पर जमकर बरसे।



मैच की शुरुआत हैदराबाद के दबदबे के साथ हुई। पहले बल्लेबाजी करते हुए हैदराबाद ने इस सीजन का सबसे बड़ा स्कोर 226 खड़ा किया। जवाब में केकेआर की शुरुआत खराब रही और विस्फोटक फिन एलन दूसरे ही ओवर में पवेलियन लौट गए। इसके बाद युवा अंगकृष रघुवंशी ने मोर्चा संभाला और शानदार 52 रनों (29 गेंद) की पारी खेलकर केकेआर की उम्मीदों को जिंदा रखा। उनकी बल्लेबाजी में परिपक्वता दिख रही थी लेकिन रन-दौड़ने के मामले में वह बार-बार चूक कर रहे थे।

**अंगकृष रघुवंशी हो गए रन आउट-** मैच का टर्निंग पॉइंट वह रन-आउट बना जिसने ईडन गार्डन्स में सन्नाटा पसरा दिया। पिच के बीचों-बीच एक गलत कॉल की वजह से अंगकृष क्रीज के बीच में ही फंस गए और रन-आउट होकर पवेलियन लौट गए। इस पर अनुभवी बल्लेबाज रिंकू सिंह बेहद गुस्से में नजर आए। रिंकू ने सरेआम अंगकृष को उनकी लापरवाही के लिए फटकार लगाई क्योंकि इससे पहले इसी तरह की गलतफहमी के कारण कैमरन ग्रीन भी रन-आउट हो चुके थे। रिंकू का यह गुस्सा मैच की गंभीरता को साफ बयान कर रहा था।

## अर्धशतकीय साझेदारियां नहीं होने से टीम को मिली हार : रहाणे

**कोलकाता।** आईपीएल 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स को लगातार दूसरी हार मिली है। सनराइजर्स हैदराबाद ने 226 रन बनाने के बाद केकेआर की पारी को 161 रनों पर समेट दिया। 16वें ओवर में ही केकेआर की टीम ऑलआउट हो गई। टीम का स्कोर एक समय 120 रनों पर तीन विकेट ही था। हैदराबाद ने मैच को 65 रनों के बड़े अंतर से अपने नाम किया। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम एक भी अर्धशतकीय साझेदारी नहीं बना पाई। टीम के कप्तान अजिंक्य रहाणे इसे हार की वजह मानते हैं। उन्होंने मैच के बाद कहा, 'हमें कुछ बड़ी साझेदारियों की जरूरत थी। बल्लेबाजी में जब आप किसी लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं, तो आप जानते हैं कि आपको एक अच्छी साझेदारी की जरूरत होती है। हम वह साझेदारी नहीं कर पाए।' अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने सनराइजर्स हैदराबाद को विस्फोटक शुरुआत दी। एक समय टीम 250 के पार जाती दिख रही थी। अजिंक्य रहाणे ने गेंदबाजों के बारे में कहा- गेंदबाजी में हमने अच्छी वापसी की। मुझे लगा कि हमने 7-8 ओवरों में बहुत अच्छी वापसी की। 10 ओवरों के अंदर, मुझे लगा कि उनका स्कोर 130, 140 के आस-पास होगा। लेकिन गेंदबाजी में मुझे लगा कि हमने सचमुच बहुत अच्छी वापसी की।

### पिच का मिजाज भी बदल गया

केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे के अनुसार दूसरी पारी के दौरान पिच में गेंद फंस रही थी। उन्होंने कहा कि दूसरी पारी में मुझे लगा कि गेंद थोड़ी रुककर आ रही थी। पहली पारी के मुकाबले धीमी गेंदें ज्यादा ग्रिप कर रही थीं। हमें लगा था कि विकेट बेहतर होगा, लेकिन वह और धीमा हो गया। हालांकि, मैं कोई बहाना नहीं बना रहा हूं। एसआरएच ने धीमी गेंदों का अच्छा इस्तेमाल किया और उन्होंने जिन एंगल्स का इस्तेमाल किया, वे वाकई बहुत अच्छे थे। घरेलू मैच जीतना बहुत जरूरी है, इसलिए हमें वापस बैठकर अपनी टीम कॉम्बिनेशन के बारे में सोचना होगा कि क्या हमें एक अतिरिक्त बल्लेबाज की जरूरत है। बस एक बुरा दिन था।

# अभिषेक शर्मा को आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट तोड़ने के लिए मिली सजा

**कोलकाता।** अभिषेक शर्मा ने केकेआर वि. एसआरएच मैच के दौरान आईपीएल कॉड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन किया है, जिस वजह से उन पर जुर्माना लगाया गया है, साथ ही डिमेरिट पॉइंट भी दिगाय गया है।

आईपीएल 2026 के अपने पहले मैच में फेल होने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का बल्ला कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खूब चला। 21 गेंदों पर बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 4 चौकों और इतने ही गगनचुंबी छक्कों की मदद से 48 रनों की धुआंधार पारी खेली। हालांकि वह अर्धशतक से चूक गए और उनकी इस शानदार पारी का अंत एक विवादित कैच के साथ हुआ। ब्लेसिंग मुजरबानी की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में अभिषेक आउट हुए। डीप मिड विकेट की दिशा में खड़े वरुण चक्रवर्ती ने उनका कैच पकड़ा। हालांकि कैच क्लीयर नहीं था, मगर थर्ड अंपायर ने काफी सारे एंगल से देखने के बाद उन्हें आउट दिया। अभिषेक के लिए



मैच खत्म होने के बाद नई मुसीबत खड़ी हो गई है।

अभिषेक शर्मा ने केकेआर वि. एसआरएच मैच के दौरान आईपीएल कॉड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन किया है, जिस वजह से उन पर जुर्माना लगाया गया है, साथ ही डिमेरिट पॉइंट भी दिगाय गया है। हालांकि अभिषेक की गलती क्या थी यह अभी तक साफ नहीं हो पाया है। मगर इसे वरुण चक्रवर्ती के कैच से जुड़ा माना जा रहा है। ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद के शानदार प्रदर्शन के बावजूद अभिषेक शर्मा गलत वजह से चर्चा में आ गए। गुरुवार के मैच के दौरान आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट तोड़ने के लिए इस ऑलराउंडर पर मैच फीस का 25 परसेंट जुर्माना लगाया गया है और एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया है। अभिषेक ने आर्टिकल 2.3 के तहत लेवल 1 का अपराध माना और मैच रेफरी द्वारा लगाई गई सज़ा को भी मान लिया। आईपीएल के नियमों के अनुसार, लेवल 1 के उल्लंघन पर फैसला आखिरी और मानने वाला होता है।

# छात्रा को मिला कांस्य पदक



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राष्ट्रीय कलारीपयट्टू चैम्पियनशिप में हाई किक प्रतियोगिता में 7वीं की छात्रा जो लोधीपुरा में रहती है उन्हें कांस्य पदक मिला। श्रेय अपनी कोच अश्विनी पाल को दिया गया। 12 साल की यह छात्रा ने पदक हाई किक में जीता जो प्रदेश के साथ इन्दौर के लिए भी गौरव है।



## पहली जीत के साथ आगे बढ़ी एसआरएच टीम, केकेआर अब भी खाली हाथ

**कोलकाता।** आईपीएल 2026 में जो काम ऋषभ पंत और शुभमन गिल जैसे कप्तान नहीं कर पाए, वो कारनामा ईशान किशन की अगुवाई में सनराइजर्स हैदराबाद ने कर दिखाया। एसआरएच आईपीएल 2026 में टारगेट को डिफेंड करते हुए मैच जीतने वाली पहली टीम बन गई है। जी हां, अभी तक 19वें सीजन में कुल 6 मुकाबले खेले जा चुके हैं। पहले 5 मैचों का ट्रेंड एकदम साफ रहा था। चेज करने वाली टीम ने हर बार मैच जीते थे। केकेआर ने एसआरएच मैच में भी यही देखने को मिला। कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। ईडन गार्डन्स वैसे भी चेजिंग ग्राउंड रहा है। हालांकि हैदराबाद के बल्लेबाजों ने सभी ट्रेंड्स को मात देते हुए 65 रनों की बड़ी जीत दर्ज की। आईपीएल 2026 के शुरुआती दो मैच हारने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। 2024 की चैंपियन टीम ने अभी तक इस टूर्नामेंट में ना गेंद से और ना ही बल्ले से अच्छा परफॉर्म किया है। वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन जैसे स्टार प्लेयर भी अभी तक अपनी छाप नहीं छोड़ पाए हैं। अगर उन्हें प्लेऑफ की रेस में बने रहना है तो जल्द लय में लौटना होगा। ऐसे लगातार मुकाबले हारने से उनका सफर शुरू होने से पहले ही समाप्त हो जाएगा।

# जमीन विवाद में तलवार व डंडे से किया हमला दंपति घायल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** क्षिप्रा थाना क्षेत्र के कदवाली खुर्द गांव में घर के हिस्से के विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने तलवार और डंडे से हमला कर दंपती को घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार गांव कदवाली खुर्द में इंदर सिंह, अनोखी लाल और राधा बाई ने पोप सिंह और उनकी पत्नी कविता के साथ घर के हिस्से को लेकर विवाद किया। इस दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए तलवार लेकर हमला करने दौड़ पड़े। बचाव के दौरान झूमा झटकी में पोप सिंह के सिर पर तलवार लगने से गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। वहीं आरोपी राधा बाई ने कविता पर डंडे से हमला कर दिया, जिससे उनके कान में चोट आई। घटना के बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। क्षिप्रा पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 30 सिलेंडर हड़पे, गैस एजेंसी कर्मचारी पर केस दर्ज

**इन्दौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में गैस एजेंसी के कर्मचारी द्वारा ग्राहकों के सिलेंडर हड़पने का मामला सामने आया है। आरोपी ने भरोसे में लेकर करीब 30 ग्राहकों की खाली टंकियां लेकर गायब हो गया। पुलिस के मुताबिक फरियादी संतोष मिश्रा निवासी वल्लभ नगर ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी गैस एजेंसी में काम करने वाला मुकेश सोनोने निवासी नेहरू नगर, ग्राहकों के घर घर गया और उन्हें यह कहकर खाली टंकियां ले लीं कि उनका नंबर आ गया है और वह भरी टंकी देकर जाएगा। आरोप है कि आरोपी ने किसी भी ग्राहक को गैस सिलेंडर नहीं दिया और एजेंसी से संबंधित टंकियां अन्य लोगों को ब्लैक में बेच दीं। साथ ही करीब 30 ग्राहकों की खाली टंकियां लेकर फरार हो गया। बाणगंगा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मुखबिरी के शक में मारपीट जान से मारने की धमकी

**इन्दौर।** गांधीनगर थाना क्षेत्र में मुखबिरी के शक को लेकर एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए डंडे से हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के मुताबिक फरियादी डेनी सिंह उर्फ रवि राजपूत निवासी मूल ग्राम मुंगावली, हाल निवासी भागीरथपुरा ने शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी हेमराज यादव के घर के बाहर हेमराज यादव और सोनू ठाकुर ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने उस पर खाद्य विभाग में अनाज पकड़वाने के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए अश्लील गालियां दीं और डंडे से मारपीट कर दी। घटना के दौरान आरोपियों ने फरियादी को जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में गांधीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# उधारी के विवाद में चाकूबाजी करने वाला गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

**पुलिस ने चंद घंटों में दबोचा**



चंदन नगर थाना क्षेत्र में उधारी के लेनदेन को लेकर हुई खूनी झड़प के आरोपी को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही घंटों में हिरासत में ले लिया है। आरोपी ने पुराने विवाद के चलते एक युवक पर प्राणघातक हमला किया था, जिसकी हालत फिलहाल गंभीर बनी हुई है।

केशव नगर निवासी 21 वर्षीय मोहम्मद फैजान पर उधारी न चुकाने की बात को लेकर तनवीर कुरैशी उर्फ तन्नु मंजरा (23) ने चाकू से हमला कर दिया था। घायल फैजान को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में एमवाय अस्पताल रेफर किया गया है।थाना प्रभारी तिलक करोले के नेतृत्व में गठित टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को धरदबोचा और वारदात में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया। विशेष बात यह रही कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने घटना स्थल पर स्थानीय लोगों के सामने अपने कृत्य के लिए माफी मांगी और भविष्य में अपराध न करने की कसम खाई। पुलिस के अनुसार, आरोपी तन्नु पर पूर्व में भी हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं।

# फार्म हाउस पर छापा

## दिल्ली के बदमाश से अवैध पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद

### फार्म हाउस मालकिन अर्चना सिंह पर भी केस दर्ज





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** खुड़ैल थाना क्षेत्र स्थित एक फार्म हाउस में चल रही संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर की सूचना पर अनुभूति फार्म हाउस पर दी गई दबिश के दौरान पुलिस ने दिल्ली के एक बदमाश को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, फार्म हाउस में रुकने वाले व्यक्तियों की जानकारी छिपाने और रिकॉर्ड न रखने के मामले में फार्म हाउस मालकिन के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया गया है।

डीएसपी उमाकांत चौधरी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम गढ़ी स्थित अनुभूति फार्म हाउस में कुछ संदिग्ध लोग ठहरे हुए हैं और वहां नियमों का उल्लंघन हो रहा है। सूचना की तस्दीक के लिए जब पुलिस टीम मौके पर पहुँची, तो वहां खड़ी स्कार्पियो कार क्र डीएल-4सी/बीडी-3562 की तलाशी ली गई। कार से एक अवैध पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पाया कि फार्म हाउस की मालकिन अर्चना सिंह निवासी निपानिया।द्वारा प्रशासन के नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही थीं। फार्म हाउस में रुकने वाले व्यक्तियों की जानकारी न तो संबंधित थाने को दी गई थी और न ही वहां आने-जाने वालों के लिए कोई विजिटिंग रजिस्टर संधारित किया गया था। यह धारा 163 बीएनएसएस के अंतर्गत जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों का सीधा उल्लंघन पाया गया, जिसके चलते अर्चना सिंह के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।पुलिस टीम जब फार्म हाउस के भीतर दाखिल हुई, तो आरोपी सूरजभान सिंह वहां शराब पीता हुआ पाया गया। पुलिस ने मौके से शराब की आधी भरी हुई बोतल और कांच के गिलास भी ज़ब्त किए हैं। पकड़े गए आरोपी का दिल्ली कनेक्शन और इंदौर के फार्म हाउस में हथियारों के साथ मौजूदगी कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है।खुड़ैल पुलिस ने आरोपी सूरजभान सिंह के खिलाफ आर्म्स एक्ट और अर्चना सिंह के खिलाफ प्रतिबंधात्मक आदेशों के उल्लंघन की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# तीन माह में बिना हेलमेट से एक लाख से अधिक चालान बने



**इंदौर।** यातायात पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा लगातार हेलमेट को लेकर अभियान भी चलाया हुआ है कि वाहन चालक हेलमेट लगाए। लगातार चालानी कार्रवाई भी हो रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक तीन माह में एक लाख तीन हजार तीन सौ अट्ठावन चालान बनाए। उसके बाद भी लोग अभी भी बगैर हेलमेट के वाहन चलाते दिख रहे हैं। पुलिस ने यह भी किया कि जिन्होंने हेलमेट लगाए थे उन्हें गुलाब की कली देकर पुरस्कृत भी किया। इधर पुलिस ने 3900 हेलमेट का वितरण 25 कार्यक्रम आयोजित कर किया। पुलिस ने लगातार अनाउंसमेंट कर लोगों को सड़क सुरक्षा का महत्व भी बताया।



# 2.60 लाख की ब्राउन शुगर के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

शहर में नशे के काले कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच और थाना संयोगितागंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने संयुक्त घेराबंदी कर एक शातिर मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से लाखों रुपये की ब्राउन शुगर बरामद हुई है। पकड़ा गया आरोपी क्षेत्र का सूचीबद्ध अपराधी बताया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक, मादक पदार्थों की तस्करी की गुप्त सूचना मिलने पर एसीपी तुषार सिंह और थाना प्रभारी संयोगितागंज के निर्देशन में क्राइम ब्रांच के साथ एक विशेष संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने कृषि कॉलेज चौराहा के पास डेली कॉलेज रोड पर संदिग्धों की चेकिंग शुरू की। इसी दौरान पुलिस को देखकर एक युवक भागने लगा, जिसे जवानों ने मुस्तैदी दिखाते हुए चारों तरफ से घेरकर दबोच लिया।पकड़े गए व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम अभिमन्यु उर्फ मन्ना पिता राजेंद्र खरे, निवासी बड़ी ग्वालटोली बताया। जब पुलिस ने उसकी विधिवत तलाशी ली, तो उसके कब्जे से कुल 13 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस ज़ब्त नशीले पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 2,60,000 रुपये आंकी जा रही है।

### बैक-ट्रेकिंग के जरिए मुख्य सप्लायर की तलाश

*वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार, पुलिस अब इस मामले में बैक-ट्रेकिंग कर रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि अभिमन्यु यह नशा कहाँ से लेकर आया था और शहर में किन-किन लोगों को सप्लाई करने वाला था। आरोपी से पूछताछ में नशे के बड़े नेटवर्क के खुलासे होने की उम्मीद है।*

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।